वैशाख शुक्ल पक्ष-14, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 335 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

21 मई 2024 मंगलवार

आज का मौसम

42 अधिकतम

27 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## सीएम ने वरिष्ठ अफसरों से की चर्चा, वित्त विभाग 15 दिन में बनाएगा पूर्ण बजट का खाका

# महकमों को बजट की दरकार, काम पर तेजी से लौट रही मोहन सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

देश के कई राज्यों में चुनावी दौरे कर रहे सीएम मोहन यादव ने मप्र के जरूरी प्रशासनिक मोर्चों पर फोकस बढा दिया है। आज निवास कार्यालय समत्व में उन्होंने मंत्रालय व पुलिस के कई प्रमुख अफसरों के साथ चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश दिये हैं। आज मंत्रालय में अफसर बजट पर भी मशक्क्त कर रहे हैं। यह मोहन सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। चूंकि मप्र में सभी सीटों पर चुनाव के चरण पूरे हो चुके हैं,इसलिये अब मोहन सरकार चुनावी दौर के बाद अब काम पर तेजी से लौटती व जुटती नजर आ रही है। दरअसल सरकार के सामने अब अगले दो माह में पूर्ण बजट तैयार करके जुलाई के विधानसभा मानसून सत्र में प्रस्तुत करने की चुनौती है। इसकी तैयारी वित्त विभाग ने काफी समय से प्रारंभ कर रखी है। आज मुख्यमंत्री मोहन यादव समीक्षा बैठकों,अफसरों से वन टू वन चर्चा आदि के जरिये इसके मसौदे को दिशा दे रहे हैं। इसके बाद अगले 15 दिन में वर्ष 2024-25 के बजट की रूपरेखा तैयार हो जाएगी। उप सचिव स्तरीय बैठकों का सिलसिला आज से शुरू हो गया है। विभागीय प्रस्तावों पर विचार करके इन्हें मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष अंतिम निर्णय के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। अनुमान है कि इस बार बजट सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। सरकार एक लाख 48 हजार करोड़ रुपये का लेखानुदान प्रस्तुत कर चुकी है। इसमें जुलाई 2024 तक के लिए विभागों को राशि दी गई है। हालांकि इसमें नई योजनाएं शामिल नहीं की गई थीं।

जानकारों का कहना है कि पूर्ण बजट में नई योजनाओं के साथ-साथ उन योजनाओं को केंद्रीय योजनाओं में समाहित करने पर विचार किया जा रहा है जिनकी प्रकृति एक जैसी है। कुछ ऐसी योजनाएं भी चिह्नित की जाएंगी, जिनके लक्ष्य पूर्ण हो चुके हैं मगर बजट में शामिल हैं। सरकार की प्राथमिकता में रोजगार, औद्योगिक, अधोसंरचना विकास और हितग्राहीमूलक योजनाएं रहेंगी। इसके लिए विभागों को आवश्यकता के अनुसार राशि उपलब्ध कराई जाएगी। लाड़ली बहना, किसानों को गेहूं पर 125 रुपये प्रति क्विंटल बोनस, सिंहस्थ की तैयारी आदि के लिए संबंधित विभागों के लिए प्रावधान होंगे।



### इंडिया गठबंधन ध्वस्त व पस्त : पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के ईस्ट चंपारण में चुनावी रैली को संबोधित किया वे शाम को प्रयागराज व वाराणसी में भी रैली करेंगे। मोदी ने कहा, मतदाता का उत्साह दिखा रहा है कि छठे और सातवें चरण में देश में क्या होने वाला है। कल ही 5 चरण का चुनाव पूरा हुआ है। पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त हो गया था, इसके बाद के चरणों में इंडी गठबंधन ध्वस्त हुआ और कल हुए पांचवें चरण में इंडी गठबंधन पूरी तरह परास्त हो चुका है। इंडी वालों के इरादों पर सबसे बड़ा प्रहार होगा। ये प्रहार होगा - देश में भ्रष्टाचार पर, तुष्टिकरण की राजनीति पर, टुकड़े-टुकड़े गैंग पर, समाज को लड़ाने वाली गंदी सोच पर, सनातन को गाली देने वाली विकृत मानसिकता पर और ये प्रहार होगा अपराधी, माफिया, जंगलराज पर, ये प्रहार होगा महिला विरोधी मानसिकता पर।

### भड़के केजरीवाल- आ रही इंडिया की सरकार



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अेज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 5वें चरण का चुनाव खत्म हो गया है और जैसे-जैस चुनाव होते जा रहे हैं वैसे-वैसे साफ होता जा रहा है कि चार जून को मोदी सरकार जा रही है। इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है। कई लोगों ने सर्वे किए हैं। इसमें निकलकर आया है कि इंडिया गठबंधन को अपने दम पर 300 से ज्यादा सीट मिल रही हैं। साफ सुथरी और स्थायी सरकार बनेगी। केजरीवाल ने कहा कि कल अमित शाह दिल्ली में आए। उनकी सभा में 500 से भी कम लोग थे। उन्होंने देश के लोगों को गाली दी है व कहा कि आम आदमी पार्टी के सपोर्टर पाकिस्तानी हैं। दिल्ली में 70 में से 62 सीट, पंजाब में 117 में 92 सीट, गुजरात में 14 प्रतिशत वोट दिया। गोवा, यूपी, आसाम में आम आदमी पार्टी को वोट मिला। तो क्या पंजाब गुजरात, गोवा के कई हिस्सों के लोग पाकिस्तानी हैं?

### पात्रा की जुबान फिसली, पश्चाताप के लिए उपवास पर

बीजेपी नेता और पुरी लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार संबित पात्रा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भगवान जगन्नाथ पर की गई टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया है। इसका



एक कथित वीडियो क्लिप भी सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें वह किसी ओड़िया चैनल से बातचीत में यह कहते सुने जा सकते हैं, 'भगवान जगन्नाथ पीएम मोदी के भक्त हैं.'पात्रा के वायरल वीडियो क्लिप पर प्रतिक्रिया देते हुए ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा, 'महाप्रभु श्री जगन्नाथ ब्रह्मांड के भगवान हैं. महाप्रभु को दूसरे इंसान का भक्त कहना भगवान का अपमान है। वहीं पात्रा ने सफाई दी है कि उनकी 'जुबान फिसल गई थी। मोदी एक उत्साही और श्रीजगन्नाथ महाप्रभु के 'भक्त' हैं, मैंने इसका ठीक उल्टा उच्चारण कर दिया। 'पात्रा ने कहा है कि अपने इस भूलसुधार और पश्चाताप के लिए अगले 3 दिन मैं उपवास पर रहूंगा।'

## पचौर के पास बस पुलिया से नीचे गिरी, दो मौत

**शाजापुर, एजेंसी।**

आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर पचोर के समीप एक यात्री बस पुलिया से नीचे गिरने से दो की मौत हो गई



है जबकि 21 यात्रियों को घायल अवस्था में जिला अस्पताल शाजापुर लाया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 10 यात्रियों को इंदौर रेफर किया गया। बताया जा रहा है, बस में 55 से ज्यादा यात्री सवार थे, जिसमें से दो की घटनास्थल पर मौत हो गई है। यात्री बस इंदौर से ईसागढ़ जा रही थी। इसी दौरान बस सतगुरु ढाबे पर रूकी और यहां से चाय नाश्ता के बाद रवाना हुई। बस में सवार एक यात्री ने बताया बस चालक बार-बार मोबाइल देख रहा था। देवास मक्सी के बीच में भी बस को एक होटल पर एक घंटे के लिए रोका गया,चालक ने शराब पी रखी थी।

## बिहार में चुनावी हिंसा के बाद तनाव, इंटरनेट बंद



**पटना एजेंसी।** बिहार की सारण लोकसभा सीट पर कल पांचवें चरण के मतदान के बाद हिंसा के चलते तनाव है। इस सीट से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की ओर से रोहिणी आचार्य उम्मीदवार हैं। बताते हैं कि देर शाम को मतदान खत्म होने के बाद छपरा शहर के जिस बूथ पर आचार्य पहुंची थी, वहां जमकर हंगामा हुआ। इस मामले में विवाद बढ़ने पर सारण में मंगलवार को दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें तीन लोगों को गोली लगी। घटना में एक शख्स की मौत हो गई जबकि दो लोग बुरी तरह से घायल हैं। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है जबकि दो दिनों के लिए सारण में इंटरनेट पर बैन लगा दिया गया है

## सिसोदिया को कोर्ट से झटका न्यायिक हिरासत 31 तक बढ़ी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली शराब घोटाले से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज ऐवन्यू कोर्ट ने दिल्ली के



पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ाई। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल से कोर्ट में पेश हुए। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। उन्होंने 14 मई को आप नेता, सीबीआई और ईडी की ओर से दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। प्रवर्तन निदेशालय ने बहस के दौरान दलील दी थी कि वह आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अगली अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) में आप को आरोपी बनाएगी।

## जयंत सिन्हा ने बदले तेवर भाजपा ने दिया नोटिस

**नई दिल्ली एजेंसी।** भाजपा ने झारखंड की हजारीबाग सीट से अपने सांसद व पूर्व केंद्रीय



मंत्री जयंत सिन्हा को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जवाब मांगा है। बताया जाता है कि सिन्हा ने वोट भी नहीं किया है। भाजपा ने नोटिस में लिखा गया, 'जब से पार्टी ने हजारीबाग सीट से मनीष जायसवाल को उम्मीदवार घोषित किया है, तब से आप संगठनात्मक कार्यों और चुनाव प्रचार में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। आपको अपने वोट का प्रयोग करने की ज़रूरत भी महसूस नहीं हुई। इससे पार्टी की छवि खराब हुई है।'

## पुणे पोर्श मामले में नाबालिग के पिता व बार मैनेजर गिरफ्तार

**पुणे।** दो दिन पहले रविवार की तड़के घातक कार दुर्घटना में शामिल 17 वर्षीय लड़के के पिता को क्राइम ब्रांच ने औरंगाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। इसके अतिरिक्त, कुछ बार मालिकों को भी गिरफ्तार किया गया है जहां नाबालिग को शराब परोसी गई थी। यह हादसा पुणे के कल्याणी नगर इलाके में तड़के हुआ पोर्श को 17 वर्षीय लड़का चला रहा था। उसने एक मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी थी जिससे बाइक पर सवार अनीस अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मौके पर ही मौत हो गई।

आईसीएमआर रिसर्च पर हुआ सख्त

## हमारा कोई लेना-देना नहीं... कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स से जुड़ी रिसर्च भ्रामक

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स को लेकर एक विदेशी जर्नल में छपी स्टडी को भ्रामक और गलत तथ्यों पर आधारित बताया है। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के दो प्रफेसरों के रिसर्च पेपर पर संस्था ने कड़ी आपत्ति जताई व कहा कि हमारा इससे कोई लेना- देना नहीं है।





दरअसल, इन रिसचर्स ने जनवरी 2022 से अगस्त 2023 के बीच की गई स्टडी में दावा किया था कि 926 प्रतिभागियों में से लगभग 50 पतिशत ने संक्रमण की शिकायत की थी। स्ट्रोक और गुइलिन-बैरे सिंड्रोम के दुर्लभ जोखिम को बढ़ाया है। डायरेक्टर जनरल डॉ. राजीव बहल ने रिसर्च करने वाले लेखकों और न्यूजीलैंड स्थित ड्रग सेफ्टी जर्नल के संपादक को पत्र लिखकर कहा है कि इस स्टडी को वापस लें। आईसीएमआर ने दोनों प्रोफेसरों से स्पष्टीकरण मांगा है। डॉ. बहल ने लिखा कि जब इस स्टडी में आईसीएमआर शामिल नहीं है, फिर भी संस्था का ज़िक्र किया गया है।

## किर्गिस्तान में फंसे मप्र के कई छात्र, वापसी की लगा रहे गुहार

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो।**

पिछले कुछ दिनों से मध्यएशियाई देश किर्गिस्तान में फैली हिंसा के चलते मेडिकल की पढ़ाई करने गए कई भारतीय छात्र सहमें हुए हैं। मप्र के उज्जैन के दस युवा भी वहां फंसे हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुहार लगा रहे कि ' हमें बचाओ, सुरक्षित अपने घर पहुंचवाओ।' बताया जाता है कि यह बच्चे अपने माता-पिता को वीडियो कॉल कर वहां के हालात और आपबीती बता रहे हैं। इसकी जानकारी सामने आने पर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने दो बच्चों से बात भी की है। इसमें बच्चों ने बताया है कि वे सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। फिलहाल तो वे विवि कैम्पस में हैं व घर लौटना चाहते हैं। भारतीय दूतावास ने बच्चों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। खबरों के



मुताबिक किर्गिस्तान में फंसे उज्जैन के बच्चों में राज सोलंकी, रिया टाटावत, योगेश चौधरी, प्रवीण प्रजापति,रवि सराठे, विवेक शर्मा, रोहित पांचाल, अनुराग पाटीदार हैं। उल्लेखनीय है कि किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक के हॉस्टल में इजिप्ट की छात्रा के साथ स्थानीय व्यक्ति ने छेड़छाड़ कर दी थी। जवाब में कुछ विद्यार्थियों ने छेड़छाड़ करने वाले को पीटा। इस पर वहां के स्थानीय रहवासियों ने सभी बाहरी विद्यार्थियों को पीटना, उनके फ्लैट पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया।

**मेट्रो एंकर**

## किसी को दिल्ली से बुलाया तो किसी को बेंगलुरू से आने के लिए मनाया

# 100 फीसद वोट के लिए यह भी करना पड़ता है...!

**झांसी, एजेंसी।**

मतदान के शुरूआती तीन चरणों में मतदाता के फीके प्रतिसाद से परेशान चुनाव आयोग ने मतदान बढाने के हरसंभव जतन किये हैं, फिर भी सौ फीसद मतदान तो दूर अस्सी फीसद तक भी आंकडा नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के तीन बूथों पर 100 फीसदी मतदान चर्चा बना हुआ है। ऐसा इसलिए संभव हो पाया है क्योंकि कलेक्टर अक्षय त्रिपाठी ने वोट डालने के लिए केवल प्रचार करते हुए बैनर-पोस्टर ही नहीं लगवाए बल्कि जिम्मेदारी समझते हुए वोटरों को बूथ तक पहुंचवाने में मदद की। क्षेत्र के जो मतदाता दूसरे शहरों में रह रहे थे, उन्हें भी वोट डालने के लिए बुलाया गया, किसी को ऑफिस से छुट्टी दिलाई गई तो कोई वोटर फ्लाइट से आया।

गौरतब है कि लोकसभा की झांसी-ललितपुर सीट पर सबसे अधिक वोटिंग ललितपुर विधानसभा क्षेत्र में ही हुई है। हालांकि पिछले चुनाव की तुलना में यहां तीन फीसदी मतदान कम हुआ। इसके बावजूद तीन गांवों ने इतिहास रचा है। खबरों के मुताबिक मड़ावरा ब्लॉक के सौलदा, बुदनी नाराहट और बिरघा ब्लॉक के बम्हौरी नागल में शत-प्रतिशत मतदान हुआ। दिलचस्प बात ये है कि इन गांवों के एक-एक वोटर को पोलिंग बूथ तक लाने के लिए मतदानकर्मियों ने वोटर्स को बेंगलुरु और दिल्ली से बुलाया था। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर ग्रामीणों को जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए मतदान का महत्व बताकर प्रेरित किया जा रहा था। बताया जाता है कि ललितपुर में साल 2014 में जहां 74.40 फीसदी मतदान हुआ था, वहीं साल 2019 में 71.50 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाला था।



**फ्लाइट से आया वोटर :** बताया जाता है कि इस सीट के सौलदा गांव में 357 मतदाता हैं। इनमें से एक मतदाता शेर सिंह बेंगलुरु में रहते हैं। उनसे जब सचिव, बीएलओ ने संपर्क किया तो वो वहां से फ्लाइट पकड़कर भोपाल पहुंचे और फिर वहां से गाड़ी के जरिए ललितपुर पहुंचे। इसके लिए उनकी सचिव, प्रधान और अन्य लोगों ने भी मदद की. इसी गांव के ऐसे करीब 26 लोग थे जो लोग जिले से बाहर रहते हैं। लेकिन मतदान के लिये ये सभी 20 मई को अपने गांव पहुंचे।

### गृह मंत्रालयकर्मी को छुट्टी दिलाकर गांव बुलाया

इसी तरह दिल्ली में गृह मंत्रालय में काम करने वाले जयदीप को भी वोट डालने के लिए गांव बुलाया गया था। उन्हें उच्चाधिकारियों से बात करके मतदान के लिए छुट्टी दिलाई गई, जबकि वो खुद चुनाव ड्यूटी पर लगे हुए थे। उनकी एक दिन पहले ही ट्रेनिंग कराई गई ताकि वह ललितपुर में वोट डालने आ सकें। जयदीप ने बम्होरी नांगल में आकर वोट डाला तो गांव के सभी 441 लोगों ने वोट डालकर 100 फीसदी वोटिंग का रिकॉर्ड बना दिया।



राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक पीसी शर्मा एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना एवं भोपाल लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव के साथ प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी।

# राज्य ओपन बोर्ड: पाकिस्तान से लौटी गीता भोपाल में दे रही 8वीं की परीक्षा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य ओपन बोर्ड की 'रुक जाना नहीं', परंपरागत 10वीं व 12वीं की परीक्षा, 5वीं व 8वीं सहित आधा दर्जन परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गई हैं। इसमें ओपन बोर्ड की पारंपरिक कक्षाओं के स्टूडेंट भी शामिल हैं। सभी परीक्षाओं में 2.56 लाख स्टूडेंट शामिल हो रहे हैं। खास बात यह भी है कि पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज के प्रयासों से पाकिस्तान से 26 अक्टूबर 2015 में अपने देश भारत लौटीं गीता इस साल राज्य ओपन बोर्ड की कक्षा 8वीं की परीक्षा में शामिल हो रही है। परीक्षा देने के लिए वह वह महाराष्ट्र के औरंगाबाद से भोपाल आई हैं। राजधानी के 1100 क्वार्टर स्थित राजा भोज उमावि परीक्षा केंद्र पर वह परीक्षा देंगी। मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड (ओपन बोर्ड) द्वारा इस परीक्षा में गीता के साथ ही 33 मूक-बधिर महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। गीता को परीक्षा में दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलने वाली सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## राजधानी के राजा भोज उमावि सेंटर में होंगी परीक्षा में शामिल



### इंदौर की संस्था की मदद से हो रही पढ़ाई

गीता को जब किसी प्रदेश के बोर्ड ने परीक्षा में शामिल नहीं किया तो मप्र राज्य ओपन बोर्ड सहारा बना है। इंदौर की एक संस्था गीता की पढ़ाई ऑनलाइन करवा रही है। उन्होने पांचवीं की परीक्षा 2020 में पास कर ली थी।

## अब पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री से जवाब-तलब

# फ्लाईओवर की बिना नेट लगाए पुताई, राहगीर हुए परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने राजधानी के मानसरोवर रोड़ स्थित जीजी फ्लाईओवर में बिना नेट लगाकर पुताई करने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने कार्यपालन यंत्री, पीडब्लूडी, भोपाल से पूछा है कि फ्लाईओवर के निर्माण के दौरान क्या-क्या सुरक्षा के प्रबध किये गये थे? व क्या किये गये है? आयोग ने इस सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह के भीतर मंगाया है। इसके साथ ही यात्रा मार्ग में जन सुरक्षा के लिए लापरवाही पर क्या कार्रवाई की गई ये भी जानकारी मांगी है।**



### पेंट और पानी सीधे लोगों के ऊपर गिर रहा

आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर के मानसरोवर रोड़ स्थित जीजी फ्लाईओवर में बिना नेट लगाकर पुताई की जा रही है। इस कारण फ्लाईओवर के नीचे वाली सड़क मार्ग से आवाजाही करने वाले वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुताई करते समय पेंट और पानी सीधे लोगों के ऊपर गिर रहा है।

### सड़क बंद कर बनाए ब्रेकर



भोपाल शहर के कोलार वार्ड नं. 82 में दानिशकुंज ए-सेक्टर में बिना अनुमति सड़क बंद करके तीन स्पीड ब्रेकर बनाने का मामला सामने आया है। इस कारण सड़क से गुजरने वाले सैकड़ो लोगों को आवाजाही करने में परेशानी हो रही है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त से जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

# एम्स: बिना चीरा लगाए ही बदला जा सकेगा हृदय का वॉल्व

## लगेंगे सिर्फ 30 मिनट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल में अब बिना चीरा लगाए ही हृदय का वाल्व बदला जा सकेगा। इसके साथ ही वाल्व बदलने में अब चार घंटे की जगह अब यह प्रक्रिया मात्र आधे घंटे में पूरी हो सकेगी। इसके लिए यहां जल्द ही ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन (टीएवीआइ) की शुरुआत होने वाली है। यहां तीन मरफ्जें की कार्डियक सर्जरी विभाग में स्क्रीनिंग व अन्य जांच अंतिम चरण में है। यानी, अब ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता नहीं होगी। अब टीएवीआई में स्टेंट की तरह ही कैथेटर के जरिए वाल्व रिप्लेसमेंट होगा। जरूरी मशीनें आ गई हैं। तीन मरीजों का चयन भी किया गया है। यह तकनीक देश के गिने-चुने अस्पतालों में ही मौजूद है। पहले भोपालवासियों को अन्य महानगरों में जाकर इस तकनीक से उपचार करना पड़ता था। अब यह सुविधा भोपाल एम्स में भी मिल जाएगी।




# वंदेभारत मेट्रो जून से तीन रूट पर!

**भोपाल।** भोपाल के आसपास के शहरों को वंदे भारत मेट्रो ट्रेन से जोड़ने का कार्य रेल मंत्रालय कर रहा है। इसके तहत पहले चरण में भोपाल से तीन रूट पर वंदे भारत मेट्रो चलाने की योजना है। जून माह के अंत तक इनका शेड्यूल जारी कि?या जा सकता है। इसकी अधिकतम रफ्तार 120 किमी प्रति घंटा रहेगी। बताया जाता है कि भोपाल से होशंगाबाद-इटारसी होकर बैतूल पहला रूट हो सकता है। इसके अलावा भोपाल से बीना होकर सागर और भोपाल से सीहोर व शुजालपुर होकर शाजापुर तक वंदे मेट्रो चलाई जाएगी। इन रूट्स में मामूली बदलाव संभव है। भोपाल, जबलपुर व रतलाम मंडलों ने कुछ रूट तय कर दिए हैं। सिटिंग श्रेणी की मेट्रो की तरह कोच वाली इन ट्रेनों में 80 फीसदी कोच में यात्री सीट रिजर्व करा सकेंगे। बचे हुए 20 फीसदी कोच में यात्री स्टेशन या ऑनलाइन मोबाइल के यूटीएस एप से भी टिकट लेकर सवार हो सकेंगे।



# भोपाल समेत तीनों मंडलों में गंदगी करने वाले नहीं आ रहे बाज, 1.41 लाख का जुर्माना वसूला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्टेशनों पर गंदगी करने वाले बाज नहीं आ रहे। आम यात्री ऐसे लोगों से परेशान है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये लोग स्टेशन परिसर से लेकर ट्रेनों के अंदर कहीं भी कचरा फेंक देते हैं। जिसकी वजह से दूसरे यात्रियों को परेशानी होती है। यहां तक कि शौचालय होने के बावजूद ऐसे लोग खुले में पेशाब करते हैं, जिसकी वजह से परिसर में गंदगी फैलती है। रेलवे ने ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की है। अकेले अप्रैल् माह में ऐसे लोगों से 1.41 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया है। यह कार्रवाई भोपाल, जबलपुर व कोटा मंडल में की है।

पश्चिम मध्य रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक अप्रैल माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 886 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 01 लाख 41 हजार 350 रूपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी गई। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने का आग्रह किया।



# आतिशबाजी के साथ सिंधी प्रीमियर लीग -7 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

## 29 मई तक चलेगा, विजेता टीम को मिलेंगे 51 हजार

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधु सेना भोपाल द्वारा आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग -सीजन 7, नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ जोरदार आतिशबाजी के साथ हुआ, सिंधु सेना अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया टूर्नामेंट 26 मई तक शाम 7 बजे से बाबे आली स्टेडियम में होगा, जिसमे हर दिन 4 मैच होंगे,विजेताओ 51000 एंवम ट्रॉफी, उपविजेताओ 21000 एंवम ट्रॉफी दी जाएगी, टूर्नामेंट का शुभारम्भ मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी, समाजसेवी जयकिशन लालचंदनी जी द्वारा किया गया, पहले दिन 4 लीग मैच खेले गए। पहले मैच मे गेम स्विंगर ने टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी की ओर 8 ओवर मे 71 रन बनाए तिन्नी ने 41 रन बनाए जबाव मे पींक आर्मी इंदौर 17 रन से मैच हार गई गेम स्विंगर के तिन्नी को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरा मैच में सीएम मेडिकल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की ओर 30 रन पर ऑलआउट हो गई क्लब 07 ने 3 ओवर मे मैच जीत लिए मैन ऑफ द मैच तीन विकेट लेने वाले हरीश को दिया गया ।

तीसरे मैच में यूसीसी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी की और सुभाष इलेविन को 50 रन पर ऑलआउट कर दिए यू सी सी के दीपक ने 6 विकेट लिए जबाव मे यू सी सी ने 6.5 ओवर मे मैच जीत लिए मैन ऑफ द मैच दीपक को दिए। चौथा मैच महाकाल इलेविन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी की और मेजीसंन ने 8 ओवर मे 82 रन बनाए दींपी ने 40 रन बनाए जबाव मे महाकाल इलेविन ने 6.3 ओवर मे मैच जीत लिए कुशल ने 54 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच बने।



**मंथन** | लव जेहाद और दूल्हा-दुल्हन के मंच पर देरी से आने को लेकर लिए फैसले

# सामाजिक समस्याओं को लेकर सिंधी समाज की अहम बैठक

## लव जेहाद के मामले रोकने मोहल्लों में मां-बेटी सम्मेलन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधीसेंट्रल पंचायत भोपाल ने सामाजिक समस्याओं को लेकर चर्चा के लिए बैठक बुलाई। सिंधी कम्युनिटी हाल प्रभुनगर, नानक टेकरी में हुई बैठक में मोहल्ला पंचायतों के पदाधिकारियों के अलावा सिंधू भवन ट्रस्ट,सिंधी मेला समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

बैठक दो प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के लिये बुलाई गई थी। पहला मुद्दा था शादियों में दूल्हा दुल्हन के देर से मंच पर आने के कारणों को जानना और समस्या के निदान पर चर्चा। दूसरा मुद्दा था लव जेहाद के मामलों में जागरूकता फैलानें के लिये मोहल्लों में 'मां बेटी' सम्मेलन पर चर्चा।

शादियों में दूल्हा-दुल्हन आमंत्रण कार्ड में घोषित समय से देर से मंच पर आनें के कारणों पर विस्तार से चर्चा हुई, कई कारण सामनें आए । सभी एक मत से सहमत थे कि इस समस्या का शीघ्रातिशीघ्र और प्रभावी हल निकालना जरूरी है। निर्णय हुआ कि इस गंभीर समस्या पर समर्थन जुटानें के लिये समाज के प्रबुद्धजनों, युवाओं, परिवारजनों से चर्चा कर एक बड़ा सम्मेलन बुलाकर इस विषय पर सहमति बनाई जाय और यह तय हो कि विवाह जैसे पवित्र बंधन के सभी कार्यक्रम समय पर, विधि विधान से और पवित्रता से संपन्न हो। इस मामले में सेन्ट्रल पंचायत,मोहल्ला पंचायतों और समाज के प्रबुद्ध जनों की स्पष्ट भूमिका भी तय हो और उसका पालन कड़ाई से हो। इस मामले के अंतिम निराकरण तक चर्चाएं जारी रहें और इसका स्थाई निदान निकाला जाये।



### मां बेटी सम्मेलन होंगे

*ऐसे मोहल्लों में जहां लव जेहाद के मामले सामनें आए हैं या जिन मोहल्लों में समस्या है, वहां, मोहल्ला पंचायतों के सहयोग से 'मां-बेटी' जागरूकता सम्मेलन आयोजित किये जाये और उन्हें जागरूक किया जाय.इस कार्य के संयोजक, पंचायत के उपाध्यक्ष प्रदीप आर्तवानी रहेंगे।*

### मंथन किया समाजजनों ने

पंचायत अध्यक्ष किशोर तनवानी, मुख्य सलाहकार भगवानदेव ईसरानी, सिंधू भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र मनवानी, समाजसेवी भगवान रामानी, विधि सलाहकार परिषद के सदस्य सर्वश्री नरेश गांगुली, जीतेंन्द्र जादवानी के अलावा सभी मोहल्ला पंचायतों के अध्यक्ष/पदाधिकारियों ने मसलों पर विस्तृत चर्चा में भाग लिया।

# सिंधु भवन ट्रस्ट फ्री बुक्स देगा, 15 तक करें आवेदन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क किताबों का वितरण ट्रस्ट के बुक बैंक से करेगा। इसके लिए 15 जून 2024 आवेदन किए जा सकेंगे। ट्रस्ट ने संपर्क नंबर जारी किया है। बता दें हर साल सिंधी समाज के पहली से 12 वीं तक मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क किताबों का वितरण ट्रस्ट किताबों का वितरण करता है। किताबों के लिए आवेदन करने के लिए विद्यार्थी 9300696656 पर संपर्क कर सकते हैं। ट्रस्ट सिंधी भाषा के प्रचार प्रसार काम करता है। साथ ही ट्रस्ट सिंधी कला, साहित्य, प्रावीण्य छात्र एवं ख्याति प्राप्त महानुभावों के सम्मान के साथ विधवा सहायता राशि, स्कॉलरशिप, छात्र-छात्राओं को किताबों के लिए सहायता राशि, नेत्र परीक्षण शिविर एवं निःशुल्क मैरिज ब्यूरो के सेवा कार्य करता है।

# कॉलेज प्रवेश: यूजी में पंजीयन समाप्त, पीजी के लिए आज अंतिम तारीख, अब तक हुए 1.76 लाख पंजीयन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के निजी और सरकारी कॉलेजों में प्रवेश के लिए चलाई जा रही ई-प्रवेश प्रक्रिया में पंजीयन जारी है। अब तक यूजी-पीजी में करीब 1.76 लाख हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन कराए हैं। वहीं सत्यापन 1.34 लाख हुए हैं। यूजी कोर्सेस में दाखिले के लिए पंजीयन की अंतिम तारीख सोमवार को समाप्त हो गई है, वहीं, पीजी कोर्स में पंजीयन की अंतिम तारीख 21 मई है। यूजी के पहले चरण की सीट आवंटन होने के बाद विद्यार्थियों को 25 मई से 3 जून तक फीस जमा करना होगी। उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा विभाग ने इस साल प्रवेश के लिए दो काउंसलिंग एवं एक सीएलसी राउंड रखा है। पिछले वर्ष एक ही काउंसलिंग राउंड था। प्रवेश के लिए पहले दो चरण ऑनलाइन काउंसलिंग की जाएगी। जबकि तीसरे चरण में कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) की जाएगी, जो 21 जून से शुरू होगा। पंजीयन करवाने के बाद कॉलेजों में मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों की सूची लगाई जाएगी।



**यूजी में करीब आठ लाख सीटें:** यूजी में करीब आठ लाख से अधिक सीटों के लिए अंतिम दिन 1.48 लाख पंजीयन हुए। वहीं, सत्यापन 1.15 लाख हुए। पीजी में दो लाख से अधिक सीटों के लिए 28 हजार पंजीयन और 19 हजार सत्यापन हुए हैं।

**आज होगा एनसीटीई के कोर्सों की सीटों का आवंटन:** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बीएड कॉलेजों में संचालित एनसीटीई के नौ कोर्सों में एडमिशन के लिए भी ई-प्रवेश प्रक्रिया चलाई जा रही है। इन सभी नौ कोर्सों में 88,835 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें 86137 ने चॉइस फिलिंग की है जबकि 80986 स्टूडेंट्स के डॉक्यूमेंट्स वेरीफाई हुए हैं। इन सभी कोर्सों में सर्वाधिक रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग और वेरिफिकेशन बीएड कोर्स में हुए हैं। दूसरे नंबर पर बीए-बीएड और तीसरे नंबर बीएससी बीएड है।

## दस्तावेजों के सत्यापन की गति धीमी, इस बार दो काउंसलिंग एवं एक सीएलसी राउंड होगा

### बीएड और एमएड के लिए आज से 300 रुपए विलंब शुल्क


बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) प्रबंधन ने बीएड और एमएड के लिए परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है। बीएड चतुर्थ सेमेस्टर (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) एम एड चतुर्थ सेमेस्टर (द्वि वर्षीय पाठ्यक्रम) बीएड चतुर्थ एवं एम एड चतुर्थ सेमेस्टर दिग्दर्शिका शिक्षा संस्थान और बीएड चतुर्थ सेमेस्टर राजीव गांधी महाविद्यालय भोपाल के परीक्षा आवेदन पत्र सत्र 2023-24 नियमित एटीकेटी पूर्व विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन सामान्य शुल्क के साथ अब 20 मई तक भरे गए हैं। वहीं अब विलंब शुल्क 300 रुपए के साथ 21 से 24 मई तक किए जा सकेंगे। विशेष विलंब शुल्क 1000 रुपए के साथ 25 मई से परीक्षा शुरू होने के तीन दिन पहले तक जमा किए जा सकेंगे।

### 26 मई तक डीएलएड में पंजीयन

प्रदेश के सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई से एमपी ऑनलाइन के माध्यम से शुरू की गई है। इन संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई 2024 निर्धारित की गई है।

# एक जुलाई से कॉलेज और विश्वविद्यालय में लागू होगी बायोमेट्रिक अटेंडेंस व्यवस्था

## कॉलेज बंक करना पड़ेगा भारी, कटेगी छात्रवृत्ति, परीक्षा से भी होंगे वंचित



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विद्यार्थियों को अब कॉलेज से वंक मारना भारी पड़ेगा। खासतौर वे छात्र जो अभी-अभी 12वीं पास का कॉलेजों में प्रवेश ले रहे हैं। इन छात्र-छात्रों को 75 प्रतिशत अटेंडेंस का पालन करना होगा। इससे कम अटेंडेंस वाले छात्रों की छात्रवृत्ति सहित अन्य सुविधाओं में कटौती हो सकती है। कॉलेज-विश्वविद्यालयों में एक जुलाई से बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू हो जाएगी। भोपाल में इससे करीब 20 हजार छात्र प्रभावित होंगे। दरअसल राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हुए 3 साल हो चुके हैं, लेकिन अब भी कई छात्र ऐसे हैं जिन्हें इसके बारे में बहुत अधिक जानकारी नहीं हैं। प्राचार्यों के अनुसार कॉलेज में पढ़ने वाले 70 फीसदी छात्र तो सिर्फ छात्रवृत्ति के लिए प्रवेश लेते हैं।

### हर कॉलेज में ढाई से तीन हजार विद्यार्थी

हमीदिया कॉलेज में करीब 3 हजार विद्यार्थी हैं। प्राचार्य अनिल शिवानी ने बताया कि कॉलेज में 5 से 6 मशीनें लगाई जानी हैं। डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में भी करीब ढ़ाई हजार स्टूडेंट्स है। विद्यार्थियों के लिए करीब 6 मशीन लगाई जाएंगी। इसी तरह बाबूलाल गौर शा. स्नातकोत्तर कॉलेज भेल में भी 3 हजार से अधिक छात्र हैं।

### 500 छात्रों पर लगाई जानी है एक मशीन

उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार 500 विद्यार्थियों पर एक बायोमेट्रिक मशीन लगाई जाना है। विभाग ने प्राचार्यों को मशीन की सुरक्षा के लिए जालीदार बॉक्स लगाने के भी आदेश जारी किए हैं। इससे विद्यार्थी मशीन को नुकसान न पहुंचा सकें।

## रुक जाना नहीं योजना के तहत परीक्षाएं शामिल हुए ढाई लाख छात्र-छात्राएं

**भोपाल.** माशिमं की परीक्षा में फेल हुए छात्रों को रुक जाना नहीं योजना के तहत दूसरा मौका दिया जा रहा है। योजना के तहत सोमवार से परीक्षाएं शुरू हो गई। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने फिजिक्स और अर्थशास्त्र का प्रश्नपत्र हल किया। मंगलवार को कक्षा दसवीं की परीक्षा शुरू होगी। दोनों परीक्षाओं में करीब ढाई लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही राज्य ओपन बोर्ड की परंपरागत परीक्षाओं की भी शुरुआत हो रही है। रूक जाना नहीं में दो लाख 42 हजार, आ लौट चलें में 11 हजार,ओपन बोर्ड की परंपरागत 10वीं व 12वीं की परीक्षा में नौ हजार, आ अब लौट चलें में 11 हजार शामिल हो रहे हैं। परीक्षा दो पाली में हुई। 12वीं की परीक्षा सुबह आठ से 11 बजे तक और 10वीं की दोपहर दो से शाम पांच बजे तक आयोजित होंगी।

## उम्मीदवारों के साथ चुनाव और संगठन के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा

# अंडर करंट के भरोसे कांग्रेस, क्योंकि उसके भितरघाती अब भाजपा में!

## सभी जिलों में मतगणना प्रभारी बनाएगी कांग्रेस






**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** लोकसभा चुनाव में मप्र की 27 सीटों पर लड़ी कांग्रेस के उममीदवारों से चर्चा के साथ ही मप्र में कांग्रेस ने चुनाव और संगठन की भूमिका को लेकर गहरी समीक्षा की है। इसके नतीजे अगले एक महीने में सामने आने के आसार लग रहे हैं। बैठक के पहले चरण में लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों ने आरोप लगाया कि पूरे चुनाव में प्रशासन ने भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की तरह काम किया है तथा अब मतगणना में भी अधिकारी मिलीभगत करके गड़बड़ी कर सकते हैं। उधर, पार्टी के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बैठक के बाद दावा किया कि पूरे देश में अंडर करंट है, चौकाने वाले परिणाम आएंगे। मतगणना के लिए सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों के लिए 15 जून से ब्लाक स्तर पर मंथन कार्यक्रम चलाया जाएगा। जो 15 अगस्त तक चलेगा।

इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ उपस्थित हुए तो दिग्विजय सिंह ने बिहार से इसमें वर्चुअली भाग लिया। बैठक में छिंदवाड़ा से नकुल नाथ, उज्जैन से महेश परमार और सागर से प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह बुंदेला नहीं पहुंचे। परमार प्रचार के लिए पंजाब में हैं और नेता प्रतिपक्ष सिंघार का स्वास्थ्य खराब है। बैठक में सभी प्रत्याशियों ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को रोकने की भरपूर कोशिश हुई, पर सबने डटकर मुकाबला किया। अब प्रशासन भाजपा के दबाव में मतगणना में गड़बड़ी कर सकता है, इसके लिए सतर्क रहना होगा। बैठक के बाद सभी प्रत्याशियों की उपस्थिति में पत्रकारवार्ता में जितेंद्र सिंह और जीतू पटवारी ने कहा कि भितरघात नहीं हुआ, क्योंकि भितरघाती अब भाजपा में हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं को लेकर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा दिए जा रहे बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि वे चाहें तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान बनाएं, यह उनका अधिकार क्षेत्र है, पर जनता से जो वादे किए हैं, वे तो पूरे करें। वहीं जितेंद्र सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद 15 जून से पार्टी के वरिष्ठ नेता ब्लाक स्तर पर जाकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इसके बाद जिला और फिर राज्य स्तर पर कार्यशाला होगी। नए चेहरों को आगे बढ़ाने के साथ अनुभवी नेताओं का मार्गदर्शन लिया जाएगा।





**छिंदवाडा में बेईमानी:** पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि छिंदवाड़ा में भाजपा ने प्रशासन, पैसे और बेईमानी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गृह मंत्री अमित शाह से लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक आए, पूरी ताकत लगाई, पर जनता सब समझती है और गद्दारों को जवाब देगी, सबक सिखाएगी।

### दिल्ली में बोले यादव-परिवारवाद का जमाना अब जा चुका

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बीती रात उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चांदोलिया एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में जनसभाओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब एक ही परिवार के लोगों को मौका देने का जमाना गया, अब तो गरीब और किसान परिवार से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बन रहे हैं। बिहार और यूपी में एक ही परिवार वाले इतने चालू हैं कि वे सारे पद अपने ही घर में रख लेते हैं। पाकिस्तान की जनसंख्या 22 करोड़ है, उससे ज्यादा सदस्य तो हमारी भारतीय जनता पार्टी में है। अब कांग्रेस या आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी आएं तो पूछना कि हमारे धर्म से क्या परेशानी है, भगवान श्रीराम के मंदिर बनने में अड़ंगे क्यों लगाए।

**हताश है मप्र में कांग्रेस:** भाजपा ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह एवं अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा भाजपा पर लगाए गए आरोपों को कांग्रेस की हताशा बताया है। भाजपा प्रवक्ता व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने कहा है कि कांग्रेस नेताओं की हताशा से यह स्पष्ट हो जाता है कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में परिणाम के पहले ही अपनी सुनिश्चित हार को स्वीकार कर लिया है और इस हार के लिए बहानों की तलाश शुरू कर दी है।

**मेट्रो एंकर** | अभा सिंधी साहित्य सभा का राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह

# नगद व सिन्धी अजरक टोपी पहनाकर 8 राष्ट्रीय प्रतिभाओं का सम्मान हुआ

**भोपाल/इंदौर दोपहर मेट्रो**

अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा का वार्षिक समारोह इंदौर की सिंधू मुहिंजी जीजल संस्था के सहयोग से इंदौर में संपन्न हुआ। अंतरराष्टीय क्रिकेटर नरेंद्र हिरवानी ने कहा कि राष्टभाषा,व्यवहार भाषा के साथ ही प्रत्येक नागरिक द्वारा मातृभाषा का सम्मान आवश्यक है। इसके लिए खेल के समान सतत साधना करना होगी। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि सरकार व समाज को मिलकर काम करना होगा। अकादमियां तो सरकार ने बनाई पर समाज पाठक वर्ग नहीं पैदा कर पाया। जीजल संस्था व कार्यक्रम संयोजक किशोर कोडवानी ने विषय प्रवर्तन करते बताया मध्यप्रदेश की पहचान बाघ प्रिन्ट, राजस्थान की पहचान बुटीक, बंधेज़ कला को समाज से परे कर दिया गया। हस्तकला, हुरमुचो,बादल, नृत्य कला छेज, झुमिर, होजमालो, भगत लुप्त होने के कगार पर पहुंच दी गई है।



कार्यक्रम में साहित्य, चित्रकला मूर्ति शिल्प,संगीत, शास्त्रीय नृत्य के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाली सिंधी भाषी विभूतियों को सम्मानित किया गया। सिंधी लोक कथा गायन शैली 'भगत' के कलाकार लवि कमल भगत, अजमेर की प्रस्तुति के साथ ही सिंधी भाषा में हास्य नाटक मोबाइल की मार का मंचन इंदौर के नमोश तलरेजा और विनीता मोटलानी की टीम ने किया। दिल्ली से आई काव्या और प्रेरणा नावानी ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन यूथ चेयरमैन अशोक मनवाणी ने किया।

**साहित्य अवार्ड:** प्रो अर्जुन चावला, अलीगढ़, उषा संवर्धन अवार्ड रश्मि रामानी इंदौर .मूर्ति शिल्प और चित्रकला अवार्ड महेंद्र कोडवानी, इंदौर, सिंधी सोशल मीडिया अवार्ड अशोक छाबड़िया भोपाल, नृत्य कला अवार्ड प्रेरणा और काव्या नावानी नई दिल्ली, फनकार अवार्ड-लवि कमल भगत अजमेर, अदीब अवार्ड-फिल्म और नाटक लेखक मुरलीधर बलवानी ,भोपाल।

**पुस्तकों का विमोचन:** समारोह में तारा लालवानी, इंदौर, अमर गोपलानी, इंदौर भोजराज खेमानी 'क्रांति',मुंबई डॉ जेठो लालवानी, अहमदाबाद की पुस्तकों का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।



# राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए नर्मदापुरम टीम चयन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश रग्बी एसोसिएशन के द्वारा भोपाल के जेएनसीटी कालेज में होने वाली 5वी सीनियर और जूनियर बालक और बालिका 7 साइड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया गया। जिसमे नर्मदापुरम सोहागपुर, हरचंद सेमरी, पवारखेड़ा, बाबई तथा पिपरिया के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला रग्बी संघ नर्मदापुरम के सचिव सचिन पुर्विया ने बताया कि जिला नर्मदापुरम टीम के चयन प्रकिया शासकीय आर.एन.ए. स्कूल ग्राउंड पिपरिया में सम्पन्न की गई। चयनित टीमें 23 मई से शुरु होने वाली राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता भोपाल में भाग लेगी। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर पर गुवाहाटी में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए शामिल किया जाएगा। टीम चयन पर उमा पटेल जिला खेल अधिकारी नर्मदापुरम, संजीव दुबे प्राचार्य सी एम राइज आर एन ए स्कूल, डॉ आशीष चटर्जी नर्मदापुरम, अरविन्द कुमार शर्मा अध्यक्ष जिला रग्बी संघ नर्मदापुरम, प्रीतम सिंह पुर्विया समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, बबलू साहू उपाध्यक्ष जिला रग्बी संघ नर्मदापुरम, नईम खान अभिषेक श्रोती, जावेद खान, अतुल परसाई, लक्की अहिरवार, हिमांशु त्रिवेदी, जितेंद्र नेमा ने बधाई एवं आगामी प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### यह खिलाड़ी हुए चयनित

**सीनियर टीम**- निशा ठाकुर, शशि उईके, पिंकी, डॉली मीना, जागृति यादव, अफसा खान, श्रद्धा, ममता चौहान, ज्योति बड़कुर, प्रिया निंभोरकर।

**जूनियर**- बालिका आकांक्षा नायर, राशिका पटेल, पूर्वी केवट, अदिति, अंकिता तिवारी, भारती राय, नंदनी, वैशाली कुशवाहा।

**सीनियर पुरुष**- आशीष प्रजापति, आदित्य कुशवाह, अतुल धुर्वे, अर्जुन लोवेय, सौरभ कहार, प्रिंस केवट, जयंत पुरोहित, शिवम पुर्विया, आकाश, मनीष।

**जूनियर बालक**- नीलेश, अमित मालवीय, शांतनु बाथरे, प्रकाश अहिरवार, सजल शर्मा, ओम, अर्जुन सिंह, विकास ऊमरे, गौरव।

## ब्राह्मण समाज की सर्वसम्मति से अवस्थी बने समाज के अध्यक्ष



**सिवनी मालवा।** सर्व ब्राह्मण समाज सिवनी मालवा ने सर्वसम्मति से प्रवीण अवस्थी को सर्व ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया। शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता, भगवान विष्णु के अवतारी भगवान परशुराम के वंशज ब्राह्मण समाज ने रविवार शाम राम जानकी राधाकृष्ण मंदिर में पूर्व नियोजित बैठक का आयोजन किया। जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज के अनेको सामजिक बंधु उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रवीण अवस्थी को सर्व ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पिछले लगभग 4 वर्षों से समाज के अध्यक्ष विकास पाठक ने सर्व ब्राह्मण समाज की अध्यक्षता में समाज के विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए है। भगवान परशुराम की जयंती कार्यक्रम में 10 मई को घोषणा हुई थी कि 19 मई को समाज की बैठक रखकर समाज के नए अध्यक्ष को नियुक्त किया जाएंगा। नव नियुक्त अध्यक्ष प्रवीण अवस्थी को पूर्व अध्यक्ष विकास पाठक ने कार्यभार सौंपा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण अवस्थी ने बताया कि मैं वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में एवं नवयुवकों को साथ लेकर समाज के कार्यो को आगे बढ़ाएंगे। ज्ञात हो राम जानकी राधाकृष्ण मंदिर के ट्रस्टी पंडित अवधेश तिवारी, एवं पंडित यज्ञेश तिवारी ने भगवान परशुराम के मंदिर निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध करायी है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष की प्राथमिकता रहेगी कि समाज के सहयोग के साथ, सभी को साथ लेकर भगवान परशुराम के भव्य मंदिर निर्माण कराया जाए।


## भगवान का रूप होते है बच्चे इनकी सेवा करना भगवान की सेवा करने के बराबरः सिविल जज




**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में एवं माननीय अध्यक्ष/जिला प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय के निर्देशन में एवं सचिव/जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा नालसा द्वारा संचालित बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएँ और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएँ योजना, 2015 के तहत् इंदिरा महिला शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित आसरा शिशुगृह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

### स्ट्रांग रूम निगरानी के लिए गठित दल द्वारा 24 घंटे की जा रही मॉनिटरिंग

# तीन पालियों में 21 कर्मचारी कर रहे स्ट्रांग रूम की निगरानी



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 26 अप्रैल 2024 को मतदान संपन्न होने के उपरांत जिले की चारों विधानसभा खंड क्रमांक 136 सिवनी मालवा 137 होशंगाबाद 138 सोहागपुर एवं 139 पिपरिया के मतदान दलों की सामग्री शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम में स्थापित स्ट्रांग रूम के नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे सक्रिय निगरानी के अंदर रखी हुई है। स्ट्रांग रूम की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है। नियंत्रण कक्ष एवं स्ट्रांग रूम में स्थापित सीसीटीवी कैमरा की स्क्रीन की सतत निगरानी एवं कंट्रोल रूम नम्बर 07574-257661 पर आने वाले कॉल रिसीव कर जानकारी प्रदाय किए जाने के लिए मतगणना दिनांक तक तीन दलों की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर द्वारा प्रतिदिन मतदान सामग्री के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का सुबह एवं शाम को नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है साथ ही ड्यूटी रथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये जाते हैं।

**दल क्रमांक 1:** विकासखंड शिक्षा अधिकारी उदयभान ठाकुर, सहायक प्राध्यापक शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम प्रेमकांत कटंगकार, प्रशिक्षण अधिकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम जनिक मरकाम, प्रशिक्षण अधिकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अनिल देशमुख, सीसीटीव्ही सर्विस वेण्डर द्वारा नियुक्त रविशंकर मीना, भृत्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम श्री अनिल गेहरा, प्राध्यापक, शा.गृ.वि.महा.वि नर्मदापुरम श्रीकांत दुबे की ड्यूटी लगाई जाती है। उपरोक?त दल कर्मचारी 15 मई 2024 से 21 मई 2024 तक प्रात~ 08 बजे दोपहर 04 बजे तक। इसी प्रकार 22 मई 2024 से 28 मई 2024 तक रात्रि 12 बजे से प्रात~08 बजे तक एवं 29 मई 2024 से 04 जून 2024 तक दोपहर 04 बजे से रात्रि 12 बजे तक ड्यूटी करेंगे।

**दल क्रमांक 02:** सहायक यंत्री, जनपद पंचायत, नर्मदापुरम राकेश शर्मा, शा.नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम के सुनील कुमार दिवाकर, प्रशिक्षण अधिकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम अशोक उईके, प्रशिक्षण अधिकारी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नर्मदापुरम नदीम अहमद, सीसीटीव्ही सर्विस सेमरी वेण्डर द्वारा नियुक्त रामस्वरूप कुशवाह, भृत्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम अशोक केवट, प्राध्यापक शा.गृ.वि.महा.वि नर्मदापुरम विनीत अग्रवाल की ड्यूटी लगाई जाती है। उपरोक्त दल कर्मचारी 15 मई 2024 से 21 मई 2024 तक दोपहर 04 बजे से रात्रि 12 बजे तक। इसी प्रकार 22 मई 2024 से 28 मई 2024 तक प्रातः~ 08 बजे से दोपहर 04 बजे तक एवं 29 मई 2024 से 04 जून 2024 तक रात्रि 12 बजे से प्रातः~08 बजे तक ड्यूटी करेंगे।

### कलेक्टर द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**दल क्रमांक 03:** सहायक यंत्री, कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम हरिप्रसाद बिलथरे, सहायक प्राध्यापक शा0 नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम डॉ महेश मानकर, प्रशिक्षण अधिकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम अरुण गौर, प्रशिक्षण अधिकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम संजय टेकाम, सीसीटीव्ही सर्विस सेमरी वेण्डर द्वारा नियुक्त दिलीप कुमार कुशवाहा, भृत्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम चितरंजन जाट, प्राध्यापक शा नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम डॉ. कमल वाधवा की ड्यूटी लगाई जाती है। उपरोक?त दल कर्मचारी 15 मई 2024 से 21 मई 2024 तक रात्रि 12 बजे से प्रातः~08 बजे तक। इसी प्रकार 22 मई 2024 से 28 मई 2024 तक दोपहर 04 बजे से रात्रि 12 बजे तक एवं 29 मई 2024 से 04 जून 2024 तक प्रातः 08 बजे से दोपहर 04 बजे तक ड्यूटी करेंगे।

उपरोक्त दल मतगणना दिनांक तक नोडल अधिकारी नीता कोरी (अनुविभागीय अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी) एवं सहायक नोडल अधिकारी देवशंकर धुर्वे (तहसीलदार, शहरी) के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। निगरानी के दौरान सीसीटीवी कैमरों में किसी प्रकार की कोई तकनीकी खराबी या बंद होने की स्थिति निर्मित होनें पर तत्समय उपस्थित वेण्डर प्रतिनिधि से समन्वय कर समस्या का निराकरण कर सेवा बहाल करवा कर लॉग बुक में प्रतिष्टी सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही इसकी सूचना नोडल/सहायक नोडल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी ईएंडएम लोक निर्माण विभाग नर्मदापुरम रमन कीर, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस एवं सहायक नोडल अधिकारी सीसीटीवी प्रबंधन लोस निर्वाचन 2024 संदीप चौरसिया तथा सहायक प्रबंधक मप्रमविविक नर्मदापुरम दीपक मिश्रा भी सूचित करेंगे।

## पशुपालक अपने पशुओं को मुंहखुरी रोग एवं पीपीआर रोग का टीका अवश्य लगवाऐं



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यकम (एन.ए.डी.सी.पी) मुँहखुरी रोग तथा पी.पी.आर. रोग के टीकाकारण कार्यक्रम का चतुर्थ चरण 15 मई 2024 से प्रारम्भ हो चुका है, जो नर्मदापुरम् जिले के समस्त ग्रामों में जारी रहेगा, इस हेतु जिले के समस्त विकासखण्डों में लक्षित कुल गौवंश 398000 एवं कुल बकरियों 70700 के मान से मुँहखुरी रोग तथा पी.पी.आर रोग के टीकाकारण के डोज विकासखण्ड स्तरीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में उपलब्ध कर दिया गया है। पशुओं में टैंग लगने के उपरांत ही पशुओं का पंजीयन कर, निःशुल्क टीका लगाया जावेगा, इसके पश्चात् भारत सरकार के भारत पशुधन एप्प पर ऑनलाईन एन्ट्री की जावेगी। इस संबंध में जिले की सभी पशु चिकित्सा संस्थाओं को निर्देश जारी कर दिये गये है। 19 मई 2024 की स्थिति में क्रमशः मुँहखुरी रोग के 35789 एवं पी.पी.आर. रोग के 16999 डोज लगाये जा चुके है जो कि दिनांक 15 जून 2024 तक जारी रहेगा। यह अभियान जिला कलेक्टर नर्मदापुरम् सोनिया मीना के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है।पशु चिकित्सा सेवाएं जिला नर्मदापुरम डॉ संजय अग्रवाल उपसंचालक द्वारा जिले के समस्त पशुपालकों से अपील की।

## राजपूत समाज के गौरव वरिष्ठ समाज सेवी चंदेल को दी श्रद्धांजलि



**सिवनी मालवा।** राजपूत परिषद सिवनी मालवा द्वारा पूर्व जिला सहकारी बैंक प्रबंधक जयपाल सिंह चंदेल को राजपूत परिषद द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर राजपूत परिषद के वरिष्ठ विजय सिंह ठाकुर कोदर सिंह भूपेंद्र सिंह ठाकुर करण सिंह ठाकुर शंभू सिंह भाटी सचिन ठाकुर राजपूत पर परिषद के प्रवक्ता अजय सिंह ठाकुर दिलीप सिंह जी ठाकुर रघुवीर सिंह जी राजपूत अजीत सिंह राजपूत युवराज सिंह ठाकुर खुमान सिंह कुंवर सिंह ठाकुर ईश्वर सिंह ठाकुर जितेंद्र सिंह ठाकुर देवी सिंह ठाकुर पिंटू भाटी विजय सिंह राजपूत अमित सिंह बसानिया ने श्री चंदेल को समस्त राजपूत परिषद की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## परमिट शर्तों के उल्लंघन पर बस का 15 हजार का चालान काटा, 1 ऑटो जप्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा भौंरा से भोपाल जा रही बस क्रमांक MP41P0259 को जांच के दौरान परमिट शर्तो का उल्लंघन तथा बिना बीमा संचालित होते पाया गया, जिस पर आरटीओ अधिकारी द्वारा मौके पर बस खाली कराकर बस को जब्त किया गया, तथा 15 हजार की चालानी कार्यवाही के उपरांत छोड़ा गया, कार्यवाही से वापसी के दौरान एक ऑटो ओवरलोड सवारी तथा बिना कागजात सड़क पर चलते पाया गया, जिसे आरटीओ अधिकारी द्वारा रोककर सवारी खाली करवाकर परिवहन कार्यालय में खड़ा करवाया गया, विगत 3 दिवस पूर्व अज्ञात सूत्रों से प्राप्त सूचना पर आरटीओ अधिकारी द्वारा दुर्घटना का



अंदेशा देखते हुए तत्काल यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा जी को सूचित कर एक यात्री बस के ड्राइवर को नशे की हालत में पाए जाने पर उक्त बस को भी खाली करवाकर तथा वाहन चालक को ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेक कर बस को यातायात थाने में खड़ा करवाया गया जिस पर यातायात विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है, आरटीओ अधिकारी ने बताया की आगामी दिनो में नर्मदापुरम जिले के वाहनों की जांच और अधिक सख्ती के साथ की जाएगी।

**मेट्रो एंकर**

### भारी वाहन निकल रहे हैं नगर में से, नागरिकों को हो रही है भारी परेशानी

# रेंज ऑफिस चौराहे से कदेली नदी के ब्रिज तक, ट्रैफिक जाम

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगर की यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए नगर से बाहर बायपास रोड बनाया गया है ताकि भारी वाहनों को नगर के बाहर से ही निकाला जा सके और नगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो । सीधी जाने वाली गाड़ियां नगर के अंदर प्रवेश न करें और बाहर के बाहर ही निकल जाए किंतु प्रशासनिक अधिकारियों के यातायात व्यवस्था पर ध्यान न देने के कारण भारी वाहन नगर के बीच से होकर गुजर रहे हैं द्य जिसके कारण यातायात प्रभावित हो रहा होता ही है नागरिकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



जनसंख्या के भारी दबाव के कारण नगर के मुख्य मार्गों पर यातायात का भारी दबाव स्पष्ट देखा जा सकता है । इसके बाद भी भारी वाहनों का प्रवेश परेशानी का सबब बन जाता है, परिणाम यह होता है कि रेंज ऑफिस से लेकर कंदेली नदी के पुल तक करीब 1 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में चक्का जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है जबकि भारी वाहनों को निकालने के लिए बायपास रोड बनाया गया है । इस और ना तो नगर पालिका प्रशासन ही ध्यान दे रहा है और ना ही पुलिस विभाग कर्मचारियों को तैनात कर भारी वाहनों को नगर में प्रवेश से रोक रहे हैं ।

भारी वाहनों के नगर के अंदर से निकलने के कारण वे अपने प्रेशर हॉर्न का भी उपयोग करते हैं जिसके कारण बीमार वरिष्ठ नागरिकों को अत्याधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है । इस संबंध में पहले भी एक ज्ञापन एसडीएम सिवनी मालवा को देकर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की थी गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन एसडीएम रवि शंकर राय ने प्रतिबंध लगा दिया था किंतु वर्तमान में सब व्यवस्थाएं लचर हो गई है । वार्ड नंबर 5 के नागरिक सुरेश सोनी ने कहा है कि नागरिकों को सुविधा देने के लिए प्रशासन के अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए । जब बाईपास बना है तो उसका उपयोग सीधे निकलने वाले भारी वालों को कराया जाना चाहिए ।

### सुस्त पड़ी राजनीति से बढ़ रही है क्षेत्र में समस्याएं

क्षेत्रीय राजनीति के द्वारा अव्यवस्थाओं पर अंकुश न होने के कारण समस्याएं सुरसा की तरह मुंह बांए नित्य प्रति खड़ी है । ओमप्रकाश रघुवंशी के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने के कारण बाद अब कांग्रेस की राजनीति सोई हुई है। इसी तरह भाजपा की राजनीति भी प्रशासनिक अव्यवस्थाओं प्रति उदासीन दिखाई दे रही है । यही कारण है कि भाजपा के कोई भी नेता अब किसी भी प्रकार की होने वाली अव्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं । जिसका खामिया आज आमजन को भोगना पड़ रहा है ।

### एसडीओपी ने भी दिया था व्यवस्थित यातायात व्यवस्था का आश्वासन

थाने में आयोजित एक बैठक के दौरान जब मीडिया कर्मियों ने यातायात की किस लेक्कर व्यवस्था पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया था तब एसडीओपी राजू रजक ने यातायात की इस समस्या के संबंध में बताया है कि हम बहुत जल्दी ही यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए यातायात पुलिस तैनात कर रहे हैं । किंतु 6 माह का समय व्यतीत हो जाने के बाद भी नगर और नगर के नागरिक यातायात की अव्यवस्था में परेशानी भोग रहे हैं।

## वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल के अंतर्गत 254 वृद्धजनों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत सोनिया मीना के दिशा निर्देश एवं सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार, सिविल सर्जन डॉ सुधीर विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में 20 मई सोमवार को जिला चिकित्सालय सहित जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में वृद्धजनों हेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार ने बताया कि जिला अस्पताल शिविर में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा 254 वृद्धजनों 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की जांच, उपचार कर निःशुल्क दवाएं दी गई। शिविर में डायबिटीज के 48, ब्लडप्रेशर के 50, हार्ट समस्या के 8, स्ट्रोक के 3, हड्डी रोग के 13, नेत्र रोग के 13, दन्त रोग के 12, मानसिक रोग के 06, नाक, कान एवं गला रोग के 12, फिजियोथेरेपी 115, कुष्ठ रोग के 02, कैंसर के 1 मरीज सहित अन्य वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार, किया गया। शिविर में 60 प्लस आयु के 361 व्यक्तियों को एडल्ट बीसीजी के टीके लगाए गए, शिविर में आए व्यक्तियों को आरएमओ डॉ संजय पुरोहित, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ डी सी किंगर, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल बडुके, एम डी डॉ सतीश तिवारी, मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सक डॉ सृजन सेंगर, डॉ रजनी कुशवाह, डॉ अपेक्षा कानूनगो,डीटीओ डॉ प्रियंका द्विवेदी, एनसीडी नोडल डॉ सौरभ जैन, डॉ महेंद्र राजपूत, डॉ सैयद




करीमुल्लाह, सुश्री नाजिया सिद्दीकी, श्रीमती अलका इंदौरकर, श्रीमती रोशनी प्रजापति, सुनील साहू एवं पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई।

शिविर में नेत्र रोगियों को चश्मे, वितरित किए गए, क्षय एवं खांसी के मरीजों का उपचार किया तथा वृद्धावस्था में स्वयं की देखभाल कैसे की जाए इस विषय पर स्वास्थ्य शिक्षा दी गई।

### भटौली पंचायत के सचिव पर लापरवाही, फर्जी तरीके से बिल लगाने की सीईओ को शिकायत

# बेबस सरपंच की गुहार- रसूखदारों के आगे मेरी नहीं हो रही सुनवाई




कार्यालय ग्राम पंचायत भटोली


← पंचायत दर्पण 4.9

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

ग्राम पंचायत भटोली में दलित सरपंच के अधिकारों का खुलेआम पंचायत सचिव के द्वारा रसूखदारों के साथ मिलकर हनन किया जा रहा है । आखिर किसके दबाव में प्रशासन की जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा मनमानी और लापरवाही से लेकर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद भी पंचायत सचिव पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही भटौली पंचायत के सरपंच ने सरपंच और पंचों की भता राशि नहीं निकलने से लेकर हितग्राहियों के काम नहीं करने की शिकायत जनपद सीईओ से की थी उसके बाद पंचायत सचिव ने किरकिरी से बचने के लिए भता राशि के बिल तैयार करके लगा दिए जिन पर सरपंच की सील साइन नहीं है एक तरह से कहें फर्जी तरीके से बिल तैयार करके पंचायत दर्पण पर अपलोड कर दिए इसका खुलासा सरपंच को जनपद से फोन आने के बाद चल फिर उसने जनपद सीईओ को आवेदन देकर पंचायत सचिव आनंद सिंह यादव पर पर उसके अधिकारों का हनन करने के साथ सरपंच को बताएं बगैर बिना सील साइन के बिल लगाने का आरोप लगाते हुए आरोप लगाते हुए जांच करके सचिव आनंद सिंह यादव पर कार्रवाई की मांग की है। भटौली पंचायत सरपंच कैलाश परिहार ने शिकायत करते हुए कहा कि मैं एक दलित सरपंच इसलिए जानबूझकर मुझे परेशान किया जा रहा है। रसूखदारों के दबाव में पंचायत सचिव के द्वारा अपने हिसाब से काम किया जा रहा हैं जानकारी के बगैर भता राशि के बिल पंचायत दर्पण पर चढ़कर भुगतान की तैयारी की जा रही थी। मुझे तो अच्छा रहा कि जनपद से फोन आ गया नहीं तो पता चला कि मेरी बगैर सील ओर साइन के बिना ही बिल चढ़ा कर भुगतान भी हो जाता एक तरह से कहें कि 420 बी करके इस काम को अंजाम दिया गया है ध्शिकायत जनपद सीईओ को लिखित मेने पंचायत सचिव आनंद सिंह यादव पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। पहले ही सचिव आनंद सिंह यादव के द्वारा पंचायत में कई गड़बड़ियों और लापरवाही की उसे में परेशान हूं ऐसे पंचायत सचिव पर जिम्मेदार अधिकारियों ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं देखना है की इस मामले में कार्रवाई होगी या फिर कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति करके मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा इस तरह से सरपंच के साइन के बगैर कोई बिल आगे नहीं बढ़ सकता है पर उसके साइन के बगैर कैसे बिल पंचायत दर्पण पर चढ़कर भुगतान के लिए भेज दिया गया है ।सीईओ का कहना है कि दोनों के साइन के बगैर भुगतान हो ही नहीं सकता है कि ऐसा है तो गलत है हम जांच करवा कर कार्रवाई करेंगे। पिछले दिनों सरपंच के द्वारा की गई शिकायत के बाद सचिव आनंद ने अधिकारियों को दिखाने के लिए बिल तैयार करके पोर्टल पर अपलोड कर दिए इस वजह से गड़बड़ी हो गई है भाई सरपंच का कहना है कि मैं दलित हूं इसलिए जानबूझकर मुझे परेशान किया जा रहा है सचिव के द्वारा मुझे बताएं बगैर काम किया जा रहे हैं जो काम होने चाहिए वह काम नहीं किया जा रहे है। इस वजह से हितग्राही भी परेशान हो रहे हैं। इनके पास पथरिया पंचायत का चार्ज भी है वहां पर हितग्राहियों ने शासन योजनाओं का लाभ दिलाने के बदले में भ्रष्टाचार करने के आरोप भी पंचायत सचिव पर लगे उस मामले की जांच चल रही है उससे पहले ही एक और मामला सामने आ गया है।

#### इनका कहना है -

*पंचायत सचिव के द्वारा मुझे कोई जानकारी नहीं दी गई है मेरी सील ओर साइन के पंचायत दर्पण पर भता राशि के बिल चढ़ा दिए जनपद से फोन आने के बाद मुझे पता चला कि भुगतान के लिए बिल चढ़ा दिए गए हैं । फिर मेने जनपद पहुंचकर बिलों के भुगतान पर रोक लगाने के लिए कहा है तथा जनपद सीईओ को आवेदन देकर पंचायत सचिव आनंद सिंह यादव पर कार्रवाई की मांग की है । क्योंकि मैं दलित हूं इसलिए मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।*

**कैलाश परिहार**, सरपंच भटोली

*किसी भी भुगतान के लिए सरपंच सचिव के साइन होना आवश्यक है दोनों के साइन नहीं होंगे तो भुगतान नहीं हो सकता है। यदि ऐसा कुछ हुआ है तो हम जांच करवा कर नियम अनुसार कार्रवाई करेंगे।*

**वंदना शर्मा**, जनपद सीईओ सिरोंज

## मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत सैंपल लेने की कार्यवाही जारी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर ने जिले के आम नागरिकों की सेहत को ध्यानगत रखते हुए मिलावट से मुक्ति अभियान तहत जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों में विक्रय होने वाले खाद्य पदार्थों की जांच परीक्षण कर अधिक से अधिक सैंपल एकत्रित किए जाने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में खाद्य औषधि प्रशासन के द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की जांच सतत जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम के द्वारा लैंडमार्क गार्डन के सामने नेमा ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। ाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती ऐडलिन ई पन्ना ने नेमा ट्रेडर्स सांची रोड़ लैंडमार्क गार्डन के सामने से श्रीधी सादा मट्ठा, श्रीधी दही, आदि के सैंपल लिए गए। एकत्रित किए गए खाद्य सैंपल को जांच परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा विदिशा शहर की खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य लाइसेंस लेने की समझाइश दी गई तथा साफ सफाई एवं मिलावट न करने के निर्देश दिए गए।

## आंगनबाड़ियों में हंड्रेड प्रतिशत टीएचआर बंटना चाहिए, निर्देश

**सिरोंज।** कलेक्टर की अध्यक्षता में नीति आयोग के निर्धारित पैरामीटर अनुसार जिला व बासौदा विकासखण्ड में संचालित प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति का जायजा लेने के उद्धेश्य से समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा केपीआई पैरामीटर के आधार पर की गई है। बैठक में स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में विकसित हेतु तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण समेत अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। बैठक में पोषण ट्रैकर एप पर चिन्हित सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों की जानकारी प्रस्तुत की गई। इस बैठक में सीडीपीओ भ्रमण संपर्क एप पर शून्य स्थिति पाई जाने पर सभी को नोटिस भेजे जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में टीएचआर की शिकायत पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## सत्ताईस वर्षीय महिला के साथ घर में घुसकर किया बलात्कार




**सिरोंज।** थाना सिरोंज से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नेकान निवासी मलखान सिंह अपने बच्चो के साथ घर की कुंडी लगाकर बाहर सो रहे थे । अंदर मलखान सिंह की पत्नि घर के अंदर सो रही थी। तभी ग्राम तिलोनी थाना लटेरी का रहने वाला रिश्ते का भाई प्रेम सिंह बंजरा मेरे घर के दरवाजे की कुंडी खोलकर छिपकर मेरे घर में घुस आया और हाथ पकड़कर कपड़े से बांध दिये और मुँह भी बांध दिया तथा गलत काम किया और वहां से भाग गया । पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर थाना सिरोंज में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 256/24 धारा 456, 376 के तहत आरोपी प्रेम सिंह बंजारा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है । आरोपी की सरगर्मी से तलाश जारी है।

## अमीर बनने की चाह में, सटोरियों के मकड़जाल में फंस कंगाल हो रहे लोग

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर सिरोंज जों अपनी अदब और भाईचारे के लिए जानी जाती है अब यहां सट्टे का कुछ ऐसा जोर चल रहा है कि हर कोई तेजी से अमीर बनने की चाह में इस और आकर्षित हो रहा है । नगर मे सट्टे के इस कारोबार में जहां आम और गरीब लोग पिसते चले आ रहे है , वही सट्टा चलाने वाले कारोबारियों ने कई घर उजाडकर रख दिये है । ये कारोबारी राजनेतिक और सामाजिक संगठनों से भी जुडे हुए है इस कारण इनके खिलाफ कार्यवाही नही हो पाती है । वही ढाल बाजार पुराना बसस्टेंड के कुऐं के पास कोर्ट गेट के अंदर टॉकीज चौराहा चांदनी चौक में चाय की होटले कठाली बाजार कष्टम पथ हाजीपुर में सट्टे का बाजार गर्म है और सट्टा आखिर किसकी षह पर चल रहा है । सट्टे का कारोबार गरीबो की दिन भर की कमाई जिनसे वों अपने परिवार का पालन पोषण कर सकते है उनको सट्टे की लत लगाकर महनत की कमाई पर कुछ चंद खाईबाजों की जेबो मे पैसे जा रहे है।

| TURN-1 | | | | 49 | 29 |
|---|---|---|---|---|---|
| 81 | 04 | 34 | 78 | 27 | 61 |
| 54 | 03 | 57 | 97 | 18 | 41 |
| 81 | 80 | 94 | 04 | 42 | 07 |
| 06 | 87 | 84 | 33 | 12 | 24 |
| 83 | 63 | 66 | 34 | 31 | 01 |
| 63 | 00 | 31 | 04 | 70 | 88 |
| 53 | 21 | 66 | 78 | 66 | 56 |
| 21 | 18 | 50 | 20 | 23 | 67 |
| 17 | 98 | 36 | 77 | 47 | 93 |
| 00 | 97 | 56 | 15 | 05 | 56 |
| 53 | 10 | 53 | 29 | 21 | 86 |
| 94 | 42 | 52 | 65 | 98 | 40 |

| TURN-2 | | | | 31 | 35 |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 95 | 97 | 74 | 19 | 88 |
| 94 | 20 | 95 | 58 | 47 | 79 |
| 34 | 14 | 57 | 67 | 97 | 50 |
| 81 | 19 | 57 | 53 | 34 | 96 |
| 84 | 87 | 30 | 12 | 19 | 59 |
| 81 | 45 | 48 | 61 | 60 | 57 |
| 80 | 86 | 76 | 46 | 58 | 48 |
| 84 | 98 | 00 | 49 | 66 | 84 |
| 62 | 14 | 45 | 24 | 65 | 82 |
| 59 | 18 | 99 | xx | 65 | 78 |
| 22 | 08 | 96 | 31 | 75 | 10 |
| 53 | 22 | 96 | 56 | 24 | 32 |

**कई घर उजाड दियें इन सटोरियों ने –** नगर मे सट्टे का ये कारोबार इतना फैल चुका है कि इससे सैकडो घर बर्बाद हो चुके है और कई लोग तों कर्ज मे डूब गये है । इस सट्टे के कारोबार के खामियाजे की भरपाई समाज की नई पीढी को अप्रत्यक्ष रूप से चुकानी पड रही है । कुल मिलाकर सट्टे की चमक दमक ने कई घरो के उजाले छिन लिये है । हर समाज से इनके खिलाफ आवाज बुलंद होनी चाहिए ताकि इन सटोरियों के मकड जाल में कोई युवा पीढी न फंस सके ।

**तेजी के साथ फल ,फूल रहा है सट्टे का कारोबार –** सट्टेबाजी के फलते फूलते इस धंधे की जब पडताल की गई तों पता चला कि गणित पर्ची सट्टा लगाने वाले लोग रात भर इस पर अपनी अपनी तरह की गणित लगाते है और सुबह होती ही उसे के अनुसार नंबर लगाते है । सट्टेबाजी मे अपनी किस्मत को अजमाने वाले कुछ लोग तों अपने लकी नंबर या फिर सुबह सबसे पहले उनकी ऑखो के सामने जो नंबर आता है उसी नंबर पर पैसे लगाते है । आज कल तों सटोरियों पर कार्यवाही न हो और पर्ची भी नही लिखते कुछ ऐजेट ही पर्ची का काम करते है कुछ ऐजेट तों अपने मोबाइल नंबर को बाट रखा है और बोलते है कि वाट्सअप पर मेसेज कर दों जो नंबर लगाना है और पैसे भी फोन पें पर कर दों जिससे पुलिस की कार्यवाही से बचा जा सके । सटोरियों ने नये नये तरीके अपना रखे है जिससे उन पर कोई कार्यवाही न हो ।

### महीने में दो बार हो रहा है बिजली मेंटेनेंस का कार्य उसके बाद भी लोग परेशान

## आऐ दिन घंटों बंद रहती बिजली, मेंटेनेंस होने के बाद भी समस्या जस की तस

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बारिश से पहले हर वर्ष मेंटेनेंस का कार्य किया जाता है जिस पर लाखो रूपये खर्च किये जाते है कि उपभोक्ताओं को बारिश के दिनों मे लाइट की समस्या न हो । लेकिन जों लाखो रूपये मेंटेनेंस पर खर्च किये जाते है उसकी पौल थोडे से हवा पानी में देखने को आए दिन मिल रही है। गौरतलब हो कि नगर में गत रात्रि कई घंटो बिजली गुल रही उपभोक्ताओं नें बिजली विभाग संपर्क किया तों संपर्क नही हो सका कि बिजली क्यों बंद है। बिजली विभाग का लेडलाइन नंबर जब बिजली चली जाए तों कभी संपर्क ही नही होता जिससे नगर के लोग काफी परेशान रहते है लेकिन जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी नही समझते है और उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी का हल भी नही करते है। जबकि जों समस्या उपभोक्ताओं को आती है उसे बिजली विभाग द्वारा हल किया जाना चाहिए और कर्मचारियों को निर्देषित किया जाना चाहिए कि समस्या का समाधान करें ।



गौरतलब हो कि नगर मे बिजली की केबलो मे आग लग गई बोक्सो मे आग लग गई डीपी जल गई यह तों आप सुन ही रहे हो । बिजली विभाग मगर इस और बिल्कुल भी ध्यान नही दे रहा है जिससे अभी से बिजली विभाग को लेकर नगर के लोगो मे काफी आक्रोश है और लोगो का तों यहा तक कहना है कि अभी से यह हाल है तों अगस्त की बारिश मे क्या होगा । नागरिको ने बिजली विभाग के जिम्मेदारों से मांग की है कि नगर में जों केबल लटक रही है उन्हे दुरूस्त कराया जाए खंबो मे लगे जों जले हुए बोक्स है उन्हे बदलवाया जाए डीपीयों की रखराव सही कराया जाए जिससे राहत मिल सके । गत वर्षो पहले नगर में आरएपीडी आरपी योजना के तहत एटूजेड कंपनी द्वारा विघुत अधोसंरचना सुधार के लिए लगाई गई इंसुलेटेड केबल और डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स और केबल जलकर चाहे जब गिर जाती है जिससे नगर में घंटो लाइट बंद रहती है एटूजेड कंपनी द्वारा इतना घटिया कार्य किया गया है कि नगर के लोग आज भी भुगत रहे है और आये दिन लाइट से परेषान रहते है । ज्ञात रहे कि बिजली के बडे हुए बिल आ जाता है तों उसे बिजली विभाग में सुधार नही किया जाता और उपभोक्ताओं से आवेदन लेकर यह कहते है कि यह बिल डिविजन से सुधार कराया जाएगा यहां से बिजली के बिल सुधार नही होते ।

#### कौन है बिजली विभाग का कर्मचारी, न ड्रेस कोर्ड न आईडी कार्ड

यदि बात की जाए बिजली विभाग के कर्मचारियों की इनकी पहचान कैसे की जाए कि यह बिजली विभाग के कर्मचारी है न तों इनके पास ड्रेस कोर्ड न आईडी कार्ड कभी अपने गले में डाले हुए नजर नही आते है। कई बार लोगो की और कर्मचारी के बीच बहस हो जाती है जब पता चलता है कि यह बिजली विभाग का कर्मचारी है ।

## जन समुदाय को लू के प्रकोप से बचाव हेतु शासन ने जारी की एडवायजरी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में ग्रीष्मकालीन में तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू (तापघात) की स्थिति निर्मित हो सकती है। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी जारी कर दी गई है।

लू (तापघात) के प्रभाव, लक्षण एवं प्राथमिक उपचार निम्नानुसार है - सूर्य दाह के प्रभाव से त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिर दर्द आदि होता है तो इसके लिए प्राथमिक उपचार के लिए प्रभावित को बार-बार नहलाएं, यदि फफोले निकल आए हों तो स्टरलाइज या ड्रेसिंग करें, चिकित्सा का परामर्श लें।

ताप के कारण शारीरिक ऐंठन के प्रभाव से पैरों, पेट की मांसपेशियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफ देह ऐंठन अत्यधिक पसीना आने पर प्राथमिक उपचार के तौर पर प्रभावित को छायादार स्थल पर तत्काल ले जाएं, ऐंठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाएं तथा धीरे-धीरे सहलाएं, प्रभावित को शीतल जल छाछ अथवा पना पिलाएं यदि उबकाई आ रही हो तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पर ले जाएं। अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिंचाव का प्रभाव होने पर अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सर दर्द नब्ज कमजोर पड़ जाना, मूर्छित हो जाना, उल्टी आना यह लक्षण दिखाई दें तो पर प्रभावित को छायादार स्थल पर लाकर शरीर का ठंडा एवं गीले कपड़े से स्पंजिंग करें, संभव हो तो उन्हें वातानुकूलित कमरे में ले जाएं, प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं यदि उबकाई आ रही हो तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पर ले जाएं। ताप दाह के प्रभाव से अत्यधिक बुखार अत्यधिक गर्म एवं सुखी त्वचा तेज नब्ज बेहोशी हो सकती है प्रभावित व्यक्ति को पसीना नहीं आएगा के लक्षण दिखाई देने पर प्राथमिक उपचार के तौर पर अत्यंत चिंता जनक एवं चिकित्सा की दृष्टि से आपात स्थिति है तत्काल 108 को बुलाएं तथा प्रभावित को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराएं एंबुलेंस आने तक उन्हें किसी शीतल वातानुकूलित स्थान पर ले जाए।

**मेट्रो एंकर**

### लंबित आवेदनों की समीक्षा को लेकर हुई बैठक

## कलेक्टर ने मतगणना स्थल पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टरने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी चार जून को विदिशा के जाफरखेड़ी स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय में होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारी की समीक्षा की है। कलेक्टर श्री वैद्य ने ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए मतगणना स्थल पर पर्याप्त छांव हेतु टेंट और पेयजल आपूर्ति के प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं इसके साथ ही बिजली के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित हो के संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी 4 जून को मतगणना स्थल पर फायर ब्रिगेड, साफ-सफाई चलित शौचालय के प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं साथ ही आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था हेतु मेडिकल टीम को उपस्थित होने तथा पावर सप्लाई 24 घंटे चालू रखना के निर्देश भी दिए गए हैं।

कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन तहत दर्ज आवेदनों की भी गहन समीक्षा की है उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों से कहा है कि सीएम हेल्पलाइन तहत दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें ताकि विदिशा जिला प्रदेश स्तरीय जारी ग्रेडिंग सूची में प्रथम स्थान पर पहुंच सके।

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में जिन विभागों की स्थिति ठीक नहीं है उन विभागों के अधिकारियों को शीघ्र अतिशीघ्र लंबित शिकायतों का निराकरण कराए जाने के निर्देश दिए हैं ताकि वेटेज के प्रतिशत में भी सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि विभागों के जिलाधिकारी तथा खंड स्तरीय अधिकारी भी ध्यान रखें और सीएम हेल्पलाइन तहत लंबित शिकायतों की सूची बनाकर शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने की पहल करें। कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विदिशा जिले में नागरिकों की सेहत को ध्यानगत रखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों पर विक्रय होने वाली खाद्य सामग्री की सतत जांच पड़ताल के कार्यों को जारी रखें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन खाद्य सामग्री के सैंपल लेने की कार्यवाही करें इस कार्य में तेजी लाएं और सैंपल लेने की कार्यवाही की प्रतिदिन की रिपोर्ट जिला कार्यालय में प्रस्तुत करें।




कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर द्वय श्रीमती शशि मिश्रा, श्रीमती निकिता तिवारी के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे तथा खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े हुए थे।

## आईपीएल: हैदराबाद की ताकत बैटिंग, कोलकाता के ऑलराउंडर्स मजबूत

# केकेआर ने 62 फीसदी, एसआरएच ने 46 फीसदी प्लेऑफ मैच जीते

**अहमदाबाद, एजेंसी**

आईपीएल में 58 दिन और 70 मैच के बाद प्लेऑफ की 4 टीमें तय हो गई हैं। आज क्वालिफायर-1 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का मैच शाम 7.30 बजे से अहमदाबाद में खेला जाएगा। अहमदाबाद में कोलकाता ने तो 67 फीसदी मैच जीते हैं, लेकिन हैदराबाद को पहली जीत का इंतजार है। केकेआर ने 8वीं और एसआरएच ने 7वीं बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। प्लेऑफ में भी कोलकाता ने 62 फीसदी मैच जीते हैं, जबकि हैदराबाद को 46 फीसदी मैचों में ही सफलता मिली। दोनों टीमें क्वालिफायर-1 में पहली बार भिड़ेंगी। क्वालिफायर-1 का फायदा यह है कि टीम यहां अगर हार भी गई तो उसे क्वालिफायर-2 जीतकर फाइनल खेलने का मौका मिल सकता है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 में 9 मैच जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाई। टीम को महज 3 हार मिलीं, जबकि 2 मैच बेनतीजा रहे। 20 पॉइंट्स के साथ केकेआर पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर रही, इसीलिए उन्हें क्वालिफायर-1 खेलने का मौका मिला। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2024 में 8 मैच जीते और 5 गंवाए। एक मैच बेनतीजा रहा। 17 पॉइंट्स के साथ टीम दूसरे नंबर पर रही। स्त्रा ने लीग स्टेज के आखिरी मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ 215 रन चेज किए और पॉइंट्स टेबल में दूसरी पोजिशन कन्फर्म की। इसीलिए टीम को क्वालिफायर-1 खेलने का मौका मिला। 17वें सीजन में एसआरएच ने भी शुरुआती 7 में से 5 मैच जीते। 4 मुकाबले टीम ने पहले बैटिंग करते हुए जीते और 4 बार 200 प्लस के स्कोर भी बनाए। फिर 25 अप्रैल को अपने ही होमग्राउंड पर टीम आरसीबी के खिलाफ 207 रन चेज नहीं कर सकी।



### टर्निंग पॉइंट- पहले बॉलिंग वीक थी, 7वें मैच के बाद मजबूत

17वें सीजन में 21 अप्रैल तक कोलकाता ने 7 मैच खेले और 5 जीते। ज्यादातर मैच टीम ने बैटिंग के दम पर जीते और बॉलिंग कारगर नहीं। राजस्थान ने होमग्राउंड पर ही च्यक्रके खिलाफ 224 रन का टारगेट चेज किया और बेंगलुरु ने 222 के जवाब में 221 रन बना दिए। पंजाब ने च्यक्रके खिलाफ 262 रन का टारगेट 19वें ओवर में ही हासिल कर लिया। पंजाब के मैच के बाद कोलकाता ने अपनी बॉलिंग को मजबूत किया। हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन और वैभव अरोड़ा को एक साथ प्लेइंग-11 में शामिल किया। यहां से केकेआर के खिलाफ लगातार 4 मैच में कोई भी टीम 155 से ज्यादा का स्कोर नहीं बना सकी। टीम ने 2 बार मुंबई इंडियंस की अटैकिंग बैटिंग को 150 रन के अंदर रोका। बॉलिंग मजबूत करने से ही केकेआर लीग स्टेज की बेस्ट टीम बनी। नरेन की विस्फोटक ओपनिंग से मिडिल ऑर्डर को भी अटैकिंग बैटिंग का मौका मिलता है। टीम सीजन में 6 बार 200 प्लस के स्कोर बना चुकी है। 5 गेंदबाजों ने 12 से ज्यादा विकेट निकाले हैं। सेकेंड हाफ में बॉलिंग मजबूत होने से बैटिंग कमजोर हुई है। 435 रन बना चुके फिल सॉल्ट इंग्लैंड लौट चुके हैं। ऐसे में ओपनिंग कॉम्बिनेशन बदलना पड़ेगा।

### टॉप-3 मैच विनर्स

केकेआर ने लीग स्टेज में 9 मैच जीते, इनमें 3 बार सुनील नरेन और 2-2 बार आंद्रे रसेल और वरुण चक्रवर्ती प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इन्हीं तीनों के दम पर कोलकाता ने लीग स्टेज में अपना दबदबा दिखाया। नरेन और रसेल ऑलराउंड परफॉर्म कर रहे हैं, वहीं चक्रवर्ती टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। उन्हें हर्षित राणा और वैभव अरोड़ा का साथ मिला, जिन्होंने मिलकर 25 विकेट झटके।

### प्लेऑफ रिकॉर्ड

8वीं बार टॉप-4 स्टेज में जगह बनाने वाली केकेआर ने प्लेऑफ में 13 मैच खेले हैं। टीम को 8 में जीत और 3 में हार मिली। 2012 और 2014 में केकेआर ने 2 बार क्वालिफायर-1 भी खेला। टीम ने दिल्ली व पंजाब को हराया और दोनों सीजन के खिताब अपने नाम किए। 7वीं बार प्लेऑफ में जगह बनाने वाली एसआरएच ने टॉप-4 स्टेज में 11 मैच खेले हैं। टीम को 5 में जीत और 6 में हार मिली। 2018 में एसआरएच ने पहली बार क्वालिफायर-1 खेला, लेकिन सीएसके ने हरा दिया। इस सीजन टीम फाइनल में भी सीएसके से हारी थी।

## वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# दीप्ती जीवनजी ने जीता गोल्ड

## 400 मीटर में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी**

वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत की दीप्ति जीवनजी ने टी-20 के 400 मीटर दौड़ में वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने 55.07 सेकेंड में 400 मीटर की दौड़ पूरी की। दीप्ति पेरिस में हुए पिछले वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अमेरिकी एथलीट ब्रेना क्लार्क की ओर से बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ा। ब्रेना क्लार्क ने 55.12 सेकेंड का समय लिया था। वहीं तुर्की की आयसेल ओन्डर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि इक्वाडोर की लिजानशेला एंगुलो 56.68 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

**दीप्ति ने हीट में लिया था 56.18 सेकेंड का समय:** दीप्ति ने रविवार को हुए हीट में 56.18 सेकेंड लेकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था। इसके साथ ही एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया है। दीप्ति ने हीट में 56.18 सेकेंड लेकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था।

**टी-20 कैटेगिरी क्या है:** टी-20 की कैटेगिरी में उन एथलीटों को शामिल किया जाता है, जो दिमागी रूप से कमजोर होते हैं। योगेश कथुनिया ने एफ 56 कैटेगिरी के डिस्कस में जीता सिल्वर जीता। वहीं योगेश कथुनिया ने एफ 56 कैटेगिरी के डिस्कस थ्रो में 41.80 मीटर के साथ सिल्वर मेडल जीता। एफ-56 कैटेगिरी में उन एथलीटों को शामिल किया जाता है, जो खड़ा होने में सक्षम नहीं होते हैं और वे बैठे- बैठे इवेंट में भाग लेते हैं। भारत ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब 4 मेडल हो गए हैं। जिसमें 1 गोल्ड, एक सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। यह चैंपियनशिप 25 मई तक जारी रहेगी।

# अय्यर और किशन एनसीए के हाई परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग प्रोग्राम में शामिल

**बीसीसीआई ने 30 खिलाड़ियों को चुना**

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को एक और मौका दिया है। दोनों को नेशनल क्रिकेट एकेडमी हाई परफॉर्मेंस प्रोग्राम के लिए चुना गया है। दोनों खिलाड़ियों को पिछले सीजन रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलने पर अजीत अगरकर की सेलेक्शन कमिटी ने बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट से बाहर कर दिया था। इसके दो महीने बाद अय्यर और ईशान को स्पेशल टीम में शामिल किया गया है।

**सिलेक्टर्स के रडार पर श्रेयस-ईशान:** सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई या फिर एनसीए को अय्यर और ईशान से कोई शिकायत नहीं हैं। अगर घरेलू क्रिकेट को लेकर वो अपने रवैये को सुधारते हैं और आने वाले घरेलू सीजन में अपनी घरेलू टीम (मुंबई और झारखंड) से खेलते हैं तो इसकी संभावना है कि वो अपना सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट फिर से हासिल कर सकते हैं। दोनों खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो टीम इंडिया में भी उनकी वापसी हो सकती है। ये उनके लिए एक इशारा है कि वो सिलेक्टर्स के रडार पर हैं।

**30 खिलाड़ियों को चुना गया:** हाई परफॉर्मेंस के लिए श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, मुशीर खान, मयंक यादव, उमरान मलिक, आवेश खान, कुलदीप सेन, हर्षित राणा, खलील अहमद, आशुतोष, तुषार देशपांडे, रियान पराग, साई सुदर्शन, साई किशोर, देवदत्त पडिक्कल, पृथ्वी शॉ, तनुष कोटियन सहित 30 खिलाड़ियों को चुना गया हैं। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि ये रणजी छोड़कर आईपीएल 2024 की तैयारी कर रहे थे। यह कॉन्ट्रैक्ट 1 अक्टूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक चलेगा। बोर्ड ने लिखा था कि एनुअल कॉन्ट्रैक्ट की सिफारिशों के दौरान श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर भी विचार किया गया, लेकिन उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में जगह नहीं दी गई। बोर्ड ने कहा कि जब खिलाड़ी नेशनल टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हो, तो घरेलू क्रिकेट खेलने को प्राथमिकता दें।

# सिरी ए लीग फुटबॉल: लाजियो के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, तालिका में शीर्ष पर

**रोम, एजेंसी**

इंटर मिलान ने सोमवार को 20वीं बार सिरी ए लीग खिताब जीत लिया है। टीम ने इससे पहले आखिरी बार 2020-21 में खिताब हासिल किया था। टीम ने लाजियो के खिलाफ बेहद रोमांचक मुकाबला 1-1 से ड्रॉ खेला। हालांकि अभी एक मैच बाकी है लेकिन इससे पहले ही इंटर मिलान ने अंकतालिका में 93 अंकों के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। दूसरे स्थान पर काबिज एसी मिलान के 74 अंक ही हैं।

# रेड बुल के ड्रॉइवर ने की करियर की 59वीं जीत

**इमोला, एजेंसी**

मियामी की विफलता से उबरते हुए रेड बुल के ड्राइवर मैक्स वर्स्टाप्पन ने रविवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए एमिलिया रोमाग्ना ग्रांप्री रेस में खिताबी हैट्रिक बनाई। यह तीन बार के विश्व चैंपियन के करियर की 59वीं जीत है, जो कड़े संघर्ष के बाद लैंडो नॉरिस को दूसरे स्थान पर पछाड़ने में सफल रहे। इससे पहले रेड बुल ड्राइवर ने यहां 2021 और 2022 में जीत हासिल की थी जबकि 2023 में बाढ़ की वजह से प्रतियोगिता आयोजित नहीं की जा सकी थी। फरारी के चार्ल्स लेक्लर्स तीसरे जबकि मैक्लॉरेन के ऑस्कर पियास्त्री चौथे स्थान पर रहे। कार्लोस सैंज तालिका में पांचवें स्थान पर जबकि मर्सिडीज के लुईस हेमिल्टन छठे पायदान पर रहे।



## मेट्रो बाजार

# अब सेबी के पास दाखिल अपना आईपीओ मसौदा वापस लेगा ओयो

**नईदिल्ली, एजेंसी**

ओयो ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल अपना वर्तमान मसौदा या डीआरएचपी वापस लेने का आवेदन दिया है। वैश्विक ट्रैवल टेक कंपनी डॉलर बॉन्ड की बिक्री के माध्यम से 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाने के लिए अपनी पुनर्वित्त योजनाओं को अंतिम रूप देने के करीब है। सूत्रों के अनुयार यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद कंपनी संशोधित डीआरएचपी प्रस्तुत करेगी। सॉफ्टबैंक समर्थित ओयो अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के लिए सेबी को अपना मसौदा फिर से दाखिल करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार कंपनी ने सेबी के पास आईपीओ के लिए दाखिल अपना वर्तमान मसौदा या डीआरएचपी वापस लेने का आवेदन दिया है। सूत्रों के अनुसार वैश्विक ट्रैवल टेक कंपनी ओयो डॉलर बॉन्ड की बिक्री के जरिए



450 मिलियन अमरीकी डॉलर जुटाने की योजनाओं को अंतिम रूप देने के करीब है। एक सूत्र ने कहा कि जेपी मॉर्गन डॉलर बॉन्ड की बिक्री के माध्यम से 9 से 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की अनुमानित ब्याज दर पर पुनर्वित्त हासिल करने की प्रक्रिया में लीड बैंकर की भूमिका निभाएगा। पुनर्वित्त की तैयारी कर रहे ओयो ने बाजार नियामक सेबी को दिए गए अपने वर्तमान ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस को वापस लेने का अपना आवेदन दायर कर दिया है। कंपनी ने बताया है कि वह बॉन्ड जारी करने के बाद संशोधित डीआरएचपी फाइल करना चाहती है। ओयो की मूल कंपनी ओरावेल स्टेज लिमिटेड ने नवंबर में पुनर्खरीद प्रक्रिया के जरिए 1,620 करोड़ रुपये के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चुकाया था।

# एआई से लोग मानवीय संबंधों के लिए तरसेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा है कि एआई के कारण 5-10 वर्षों में लोग मानवीय संबंधों के लिए तरस जाएंगे। सैम ऑल्टमैन ने एक पॉडकास्ट के दौरान कहा है कि एआई में वृद्धि से लोग मानवीय संबंध के लिए तरस जाएंगे और कला क्षेत्र में नौकरियों की मांग बहुत अधिक बढ़ेगी। उन्होने कहने का मतलब था कि आने वाले समय में एआई का विकसित रूप मनुष्यों को एक मनुष्य के रूप में ही सेवाएं देने में सक्षम हो सकता है। ऐसे में लोग मानवीय संबंधों के लिए तरस सकते हैं।



सैम ऑल्टमैन ने एक पॉडकास्ट के दौरान कहा है कि एआई में वृद्धि से लोग मानवीय संबंध के लिए तरस जाएंगे और कला क्षेत्र में नौकरियों की मांग बहुत अधिक बढ़ेगी। उन्होने कहने का मतलब था कि आने वाले समय में एआई का विकसित रूप मनुष्यों को एक मनुष्य के रूप में ही सेवाएं देने में सक्षम हो सकता है। ऐसे में लोग मानवीय संबंधों के लिए तरस सकते हैं। ऑल्टमैन ने ये बातें द लोगान बार्टलेट शो के दौरान उन नौकरियों के बारे में पूछे जाने पर कहीं जो एआई के कारण अगले पांच वर्षों में मुख्यधारा में आ सकती हैं। 2022 में जब चैटजीपीटी लॉन्च किया गया था, तो लोगों की नौकरी की सुरक्षा को लेकर बहुत सारे सवाल उठने लगे थे। एआई चैटबॉट उन चीजों को करने में सक्षम था, जिन्हें माना जाता था कि पहले मनुष्य ही कर सकते हैं। जल्द ही, कई लोगों को डर लगने लगा कि एआई उनकी नौकरियां छीन लेगा। बहुत सारे विशेषज्ञों ने भी इस पर मुहर लगाई। जहां बड़े पैमाने पर विशेषज्ञों का मानना है कि एआई मनुष्यों के लिए खतरा है, वहीं कई जानकारों का रवैया आशावादी है और वे मानते हैं कि इससे नई नौकरियों का सृजन होगा। पॉडकास्ट के दौरान नौकरियों से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए ऑल्टमैन ने कहा, एआई के इस्तेमाल से नए प्रकार की कलाओं की व्यापक श्रेणी विकसित होगी, जो मानवीय संबंधों के अनुसार ही काम करेगी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



# सिंघम अगेन में हुई तेलुगु स्टार की एंट्री, अजय की फिल्म पर आया नया अपडेट

अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन का इंतजार लोगों को बेसब्री से है। इस फिल्म में कई बड़े सितारे पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। यही वजह है कि फिल्म को लेकर प्रसंशकों में काफी ज्यादा उत्सुकता है। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। साउथ की कई फिल्मों में नकारात्मक भूमिका निभा चुके टॉलीवुड अभिनेता अजय की भी इस फिल्म में एंट्री हो गई है। दक्षिण भारत के बाद वे अब हिंदी फिल्मों में भी अदाकारी का जलवा दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के लिए उन्हें एक महत्वपूर्ण भूमिका में कास्ट किया गया है। चसिंघमज सीरीज बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसकी दोनों ही फिल्में दर्शकों को काफी पसंद आई थीं। फिल्म में अजय देवनग फिर से अपने किरदार को दोहराते हुए नजर आने वाले हैं। वहीं, तेलुगु अभिनेता अजय भी पुलिस वाले की भूमिका में ही दिखेंगे। कई तेलुगु और तमिल फिल्मों में अपने प्रभावशाली अभिनय के लिए मशहूर अजय सिंघम अगेन से हिंदी भाषी दर्शकों के दिल में गहरी छाप छोड़ने के लिए काफी उत्सुक हैं। हालांकि उनके किरदार को लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। 'सिंघम अगेन' की बात करें फिल्म इस साल 15 नवंबर को रिलीज होगी।

# स्टार्स के लुक्स को लेकर ट्रोल करने वालों पर भड़कीं जैस्मीन, बोलीं- कोई जानबुझकर खराब नहीं

'बिग बॉस' फेम अभिनेत्री जैस्मीन भसीन टीवी इंडस्ट्री में अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। वे हमेशा बेबाकी से अपनी बातें रखती नजर आती हैं। हाल ही में अभिनेत्री कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए एक्टर्स को ट्रोल करने वाले लोगों की क्लास लगाती नजर आईं। हाल ही में राजकुमार राव कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने के लिए सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। वहीं जैस्मीन भसीन बिना किसी का नाम लिए हुए कहती हैं, अगर ध्यान देकर नहीं देखा जाए तो मुझे उस फोटो में कुछ भी अलग या बदला हुआ नहीं नजर आया था। लोग कैसे बिना बात के ही ट्रोलिंग शुरू कर देते हैं। जैस्मीन भसीन अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, देखिए हम सब शोबिज का हिस्सा हैं। हम सब खूबसूरत दिखना चाहते यहीं। आप ही बताइए कोई जानबूझ कर खराब दिखना चाहेगा क्या। हम सब अच्छा से अच्छा दिखने की कोशिश करते हैं। कॉस्मेटिक सर्जरी या उनकी शारीरिक बनावट में किसी बदलाव के लिए जब भी किसी स्टार को ट्रोल किया जाता है तब उसका नकारत्मक प्रभाव उनके मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। जैस्मीन कहती हैं, च्मुझे समझ में नहीं आता है लोग इतनी नकारात्मकता को क्यों बढ़ावा देते हैं। यह बहुत ही जहरीला होता है। जैस्मीन भसीन आगे कहती हैं, मशहूर हस्तियों को भी कुछ व्यक्तिगत समस्या हो सकती है। हर व्यक्ति जीवन में किसी न किसी परेशानी से गुजर ही रहा होता है ऐसे में जब बेवजह से उन्हें ट्रोल किया जाता है तब वे अवसाद में चले जाते हैं। लुक्स और फिगर को लेकर ट्रोलिंग गलत है।

# 2 मिनट के गाने के लिए 10 दिनों की मेहनत, भंसाली ने रातोंरात सिलवाए थे घाघरे



सीरीज में अदिति राव हैदरी का गाना 'ओ सैंया' सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। यह गाना जितना बेहतरीन है, इसे बनाने में उतनी ही मेहनत लगी है। इसके बारे में बैकग्राउंड डांसर अनुष्का गहिलोट ने एक पोस्ट साझा किया है। संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज च्हीरामंडी- द डायमंड बाजारज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इसे दर्शकों की ओर से मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। यह एक पीरियड ड्रामा सीरीज है, जिसमें कई कलाकारों ने काम किया है। भंसाली की हर एक फिल्म चर्चा में रहती हैं। च्हीरामंडी- द डायमंड बाजारज से उन्होंने वेब सीरीज में डेब्यू किया है। भंसाली ने सीरीज की कास्ट से लेकर कपड़े तक का चुनाव खुद किया था। सीरीज में अदिति राव हैदरी का गाना च्ओ सैंयाज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। यह गाना जितना बेहतरीन है, इसे बनाने में उतनी ही मेहनत लगी है। इसके बारे में बैकग्राउंड डांसर अनुष्का गहिलोट ने एक पोस्ट साझा किया है। अनुष्का ने पोस्ट साझा कर बताया कि 2 मिनट के इस गाने के लिए 10 दिन की मेहनत लगी थी। उन्होंने लिखा, इस शो को बनाने में दो साल से अधिक का समय लगा, जिसे लोग एक ही दिन में देखते हैं! और अदिति का गाना जिसे आप दो मिनट में देखते हैं, उसे बनाने में हमें 5 दिन की रिहर्सल और 5 दिन की शूटिंग लगी। हर दिन सुबह जल्दी आना, नाश्ता करना, 2 घंटे तक मेकअप के बाद इस गाने को शूट करना काफी मुश्किल था। भंसाली के बारे में बात करते हुए अनुष्का ने कहा, च्संजय लीला भंसाली एक प्रतिभाशाली व्यक्ति हैं, छोटी-छोटी चीजों पर भी पैनी नजर रखते हैं। हमारे दुपट्टे से लेकर हमारी ज्वैलरी और ड्रेस तक को लेकर निर्माता काफी सीरियस थे। अनुष्का ने एक खास सीन के बारे में बताया, जिसमें भंसाली ने रातोंरात डांसर की ड्रेस बनवाई थी। अनुष्का ने कहा, परफॉर्मेंस के दौरान मैं फाउंटेन के काफी करीब डांस कर रही थी और इस कारण मेरे घाघरे का रंग उड़ गया। इसे देखते हुए भंसाली ने रातोंरात छह नए घाघरे बनवाए थे। इस दौरान निर्माता ने पूरी शूटिंग रोक दी थी। कुछ घंटों के ब्रेक के बाद इसे फिर से शूट किया गया और अब अदिति की गजगामिनी वॉक काफी वायरल हो रही है।

## पंचवटी ओवरब्रिज के नीचे पुलिसकर्मियों से झूमाझटकी

# आरक्षक की कॉलर पकड़ नेता बोला मेरा नाम हर्ष, ट्रांसफर करा दूंगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी में पुलिसकर्मियों से मारपीट और झूमाझटकी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। रात एक रसूखदार ने कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने हेड कांस्टेबल के साथ मारपीट कर दी तो एक दिन बाद ही रविवार रात कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी ओवर ब्रिज के नीचे आपस में विवाद कर रहे युवकों को रोकना चार्ली में मौजूद जवान को महंगा पड़ गया। पुलिस के हस्तक्षेप से गुस्साए युवक ने आरक्षक की कॉलर पकड़ ली। कॉलर पकड़कर आरोपी कहने लगा कि तू मुझे जानता नहीं मेरा नाम हर्ष शर्मा है तेरा ट्रांसफर करवा दूंगा। आरक्षक ने उसे समझाइश देने का प्रयास किया तो आरोपी उसका मुंह मरोड़कर झूमाझटकी कर दी। इस झूमाझटकी में आरक्षक की वर्दी की बटन टूट गई। पुलिस ने आरक्षक की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।



जानकारी के अनुसार आरक्षक चितरंजन मरकाम, कोहेफिजा थाने में पदस्थ हैं। रविवार को आरक्षक अमित यादव के साथ उसकी चार्ली नंबर 3/1 में ड्यूटी थी। रात करीब 11 बजे दोनों इलाके का भ्रमण कर रहे थे। इसी बीच पंचवटी ओवर ब्रिज के नीचे रायल होटल के पास दोनों की नजर पड़ी तो कुछ लोग आपस में मारपीट कर रहे थे। चितरंजन और अमित ने बीच बचाव किया। इस दौरान मारपीट में पिटने वाले युवक वहां से भाग खड़े हुए। आरक्षकों ने वहां खड़े आधा दर्जन लोगों से विवाद की वजह पूछी तो एक युवक भड़क गया और कहने लगा कि तु मुझे जानता नहीं है मेरा नाम हर्ष शर्मा हैं मैं तेरा ट्रांसफर करा दूंगा। उसके साथ साथ दो अन्य युवक थे वह भी बदतमीजी कर रहे थे। युवकों ने अपना नाम करन और कालू बताया था। चितरंजन के साथ झूमाझटकी करने वाला एक पार्टी का नेता बताया जा रहा है।

### चितरंजन का मुंह मरोड़ा

अमित के पास रायफल थी और वह भीड़ को अपने अपने घर जाने का कह रहा था। तभी हर्ष शर्मा ने चितरंजन की पकड़ ली और उसका मुंह मरोड़ दिया। आरोपी ने चितरंजन की कॉलर भी पकड़ी थी, जिससे उसकी वर्दी की बटन टूट गई। अमित ने चितरंजन को हर्ष शर्मा से छुड़ाया। इसके बाद चितरंजन ने थाना प्रभारी को मोबाइल पर घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने थाने से बल भेजा था, लेकिन इससे पहले ही हर्ष शर्मा थाने चलने के लिए तैयार हो गया। आरोपी कार में बैठकर थाने की तरफ पहुंचने लगे। उनके पीछे चितरंजन और अमित चार्ली की बाइक पर चल रहे थे। थाने के पास पहुंचते ही आरोपियों ने कार मोड़ ली और फरार हो गए।

### बदनामी कहकर छिपाती रही घटना

घटना की शिकायत चितरंजन ने रात में ही कर दी थी। चितरंजन ने आरोपियों के नाम भी बताए और कार का नंबर भी बताया। पुलिस ने चितरंजन की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है, लेकिन पुलिस बदनामी का हवाला देकर एफआईआर होने से इंकार करती रही।

## लाइन परिचालक पर जानलेवा हमला, सिर पीठ और सीने में लगा चाकू

### एक्टिवा सवार दो बदमाशों की वारदात, दानिश नगर में ट्रैफिक में गाड़ियां निकालने को लेकर हुई थी कहासुनी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



कोलार थाना क्षेत्र स्थित दानिश कुंज में ट्रैफिक में गाड़ी निकालने को लेकर हुए विवाद में एक्टिवा सवार युवकों ने लाइन परिचालक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लाइन परिचालक के सिर सीने और पीठ में चाकू लगने से उसकी हालत नाजुक है और उसका चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने लाइन परिचालक के दोस्त की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मंडीदीप निवासी 40 साल के हुकूम सिंह ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे और 35 साल के सुमेर सिंह बिजली विभाग में ठेके पर लाइन परिचालक का काम करते हैं। सुमेर सिंह सर्वधर्म में किराए से रहते हैं और हुकूम मंडीदीप से अपडाउन करते हैं। उनका कोलार थाने से करीब दो किलोमीटर दूर है। रविवार रात वे लाइन सुधारकर ऑफिस जा रहे थे। इस दौरान दानिश कुंज में ट्रैफिक जाम होने लगा। इसी दौरान ट्रैफिक से एक एक्टिवा पर सवार दो युवकों ने अपनी एक्टिवा ट्रैफिक के बीच डाल दी। इससे और भी जाम की स्थिति बनने लगी। इस पर सुमेर सिंह ने एक्टिवा सवार युवकों को गलत जगह से एक्टिवा ले जाने का कह दिया। बस इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बड़ने पर एक्टिवा सवार युवकों में एक बदमाश ने सुमेर सिंह से गालीगलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने सुमेर सिंह पर तीन हमले किए थे, जो क्रमशः सिर, सीने और पीठ में लगे। हमला करने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। हुकूम सुमेर सिंह को एंबुलेंस की मदद से चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था, वहां उनका इलाज चल रहा है।

## भांजे पर नाबालिग के अपहरण का संदेह मामा का ऑटो में अपहरण, मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित कोला मोहल्ला में सोमवार सुबह आटो से आए चार लोगों ने एक युवक का अपहरण कर लिया। आरोपी घर से उसे ऑटो में बिठाकर खेत वाले रास्ते में घुमाते रहे और उससे मारपीट करते रहे। अंत में आरोपी उसे इमला गांव लेकर पहुंचे थे, वहां पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आटो को रोक लिया और आरोपियों को दबोचते हुए युवक को उनके चंगुल से मुक्त कराया गया। पुलिस ने उक्त मामले में एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अपहरण, मारपीट, बंधक बनाने समेत आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मोहम्मद आरिफ पिता मुन्ने खां (26) कोला मोहल्ला, ईंटखेड़ी में रहता है और प्राइवेट काम करता है। सोमवार सुबह उसके घर फरहान खान, शरीफ खान और दानिश समेत सकीला खान पहुंची थी। सभी आरोपी आटो से उसके घर पहुंची और गालीगलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने चाकू की नोक पर उसे आटो में बिठाया और खेत वाले रास्ते से यहां वहां घुमाते हुए मारपीट करने लगे। फरियादी आरिफ की मां ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस की टीम ने इलाके की घेराबंदी की और टोल पर आटो के बारे में जानकारी जुटाई। इस दौरान पता चला कि एक आटो इमला की तरफ जाता हुआ देखा गया है। पुलिस की टीम इमला की तरफ पहुंची और घेराबंदी करते हुए आटो को रोक लिया। पुलिस ने आटो सवार अपहरणकर्ता फरहान खान, शरीफ खान, दानिश और सकीला को गिरफ्तार उनके चंगुल से आरिफ को मुक्त कराया और सभी को लेकर थाने पहुंचे। वहां आरिफ की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी दुर्जनसिंह बरकड़े ने बताया कि आरोपी पक्ष की पंद्रह साल की नाबालिग कुछ दिन रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी। आरोपी पक्ष को संदेह है कि आरिफ के भांजा उसे अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया है और सीरोंज में रखे हुए है।

**ईंटखेड़ी पुलिस ने सूचना के बाद घेराबंदी कर गांव इमला में रोका आटो, आरोपी गिरफ्तार**



## कार की टक्कर से स्कूटर सवार महिला की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित केंपियन स्कूल हॉकर्स कॉर्नर के पास तेज रफ्तार कार ने स्कूटर को टक्कर मार दी। पीछे से स्कूटर में टक्कर लगने से स्कूटर पर बैठी युवती को गंभीर चोट आई थी और उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान कल सोमवार सुबह युवती की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और महिला चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार विपिन सिंह राजपूत, ईश्वर नगर मीरा मंदिर के पास ई-6, अरेरा कालोनी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 13 मई की सुबह वह स्कूटर से परिचित रूबी बघेल पिता दुर्गाप्रसाद बघेल (25) निवासी ईश्वर नगर के साथ 11 सौ क्वार्टर से मनीषा मार्केट जा रहे थे। केंपियन स्कूल के पास हाकर्स कार्नर के सामने पहुंचते ही पीछे से आ रही कार ने उनकी स्कूटर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह और उनकी दोस्त रूबी स्कूटी सहित सड़क पर गिर गए। इस हादसे में विपिन को हाथ की कोहनी पर चोंट आयी थी, जबकि रूबी को सीधे पैर, कमर और गर्दन में गंभीर चोट आई थी। वे रूबी को इलाज के लिए होशंगाबाद रोड स्थित निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे और वहां उनका इलाज चल रहा था। गंभीर चोट होने के कारण सोमवार सुबह इलाज के दौरान रूबी की मौत हो गई। विपिन ने बताया कि कार कोई महिला चला रही थी।




## बॉयपास पर युवक का शव रखकर चक्काजाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सूखीसेवनिया इलाके के रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश को आईटीबीपी चौराहे के सामने बॉयपास पर रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस पर जांच में लापरवाही के आरोप लगाए। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची बिलखिरिया पुलिस ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाइश देकर उन्हें हटाया। करीब आधे घंटे तक हंगामा चला। जानकारी के मुताबिक, कान्हासैया निवासी 19 साल का वीरू नायक बंजारा मजदूरी करता था। 15 मई को वह रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था। परिजन ने उसकी गुमशुदगी बिलखिरिया थाना में दर्ज कराई थी। इसी रात सूखीसेवनिया पुलिस को रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत शव मिला। उसकी पहचान नहीं हो सकी। ऐसे में पुलिस ने दूसरे दिन उसका शव दफनवा दिया। इसी बीच शनिवार को पता चला कि सूखीसेवनिया पुलिस ने जो शव दफनाया है। वह वीरू का है। सोमवार सुबह उसका शव निकालकर पुलिस ने परिजन को सौंपा। परिजन उसका शव आटीबीपी चौराहे के पास सड़क पर रखकर चक्काम जाम कर दिया। परिजन ने आरोप लगाए कि उसकी हत्या की गई होगी। वह रेलवे ट्रैक पर सुसाइड नहीं किया है। प्रदर्शन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजन को निष्पक्ष जांच का आश्वासन देकर प्रदर्शन खत्म कराया। बाद में शव को लेकर परिजन अंतिम संस्कार के लिए ले गए।



## भाजपा कार्यकर्ता की हत्या में शूटर तंजील, भूरा हड्डी बने आरोपी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सेंट्रल जेल के सामने शुक्रवार रात भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा की हत्या के मामले में गांधी नगर पुलिस ने शूटर तंजील, भूरा हड्डी को आरोपी बनाया है। दोनों पर हत्या की साजिश का शक है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगी हुई है। अब तक पुलिस हत्याकांड से जुड़े एक भी आरोपी को नहीं गिरफ्तार कर सकी है। मामले में पुलिस ने दीपांशु सेन, संदेश वरवड़े, छोटा फैजल और आकाश भदौरिया को नामदर्ज किया था। आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। तंजील हिस्ट्री शीटर है। वह पूर्व में गैंगवार करा चुका है। उस पर 21 संगीन अपराध पूर्व में दर्ज हैं। हालांकि, अब वह अपराध में सीधे लिप्त नहीं होकर अपने गुर्गों से अपराध कराता है। गुर्गों को अवैध गतिविधियों में लगाकर पैसा कमाता है। जिसका उपयोग वह अपराध में करता है।




## निर्माणाधीन मल्टी से गिरकर मजदूर की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आशिमा डिवाइन सिटी की निर्माणाधीन मल्टी से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। मंगलवार को मृतक का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। परिजन शव लेकर डिंडोरी स्थित अपने गांव लेकर रवाना हो गए। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सुग्रीव उर्फअनिल वनवासी पिता लालमन वनवासी (32) गांव बजाग रैयत, जिला डिंडोरी का था। वह अपने साथियों के साथ आशिमा डिवाइन सिटी की निर्माणाधीन मल्टी में काम करता था और मल्टी में ही रहता था। सोमवार सुबह उसके साथियों ने उसकी लाश तीसरी मंजिल में सीढ़ियों के पास पड़ी देखकर पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद लाश पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी। पुलिस को अनुमान है कि वह हादसे का शिकार हुआ है। हालांकि पुलिस ने एफएसएल की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया है। पुलिस अलग अलग बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## हमीदिया में हथियार के साथ मरीज से मिलने पहुंचा युवक गिरफ्तार

**भोपाल.** हमीदिया अस्पताल में सोमवार को एक युवक धारदार हथियार के साथ भर्ती मरीज से मिलने पहुंचा था। इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के गेट पर तैनात गार्ड को शर्त पर उभार देखर व्यक्ति पर शक हुआ। जब तलाशी ली गई तो व्यक्ति के पास से धारदार हथियार मिला। जिसकी सूचना कोहेफिजा थाने में दी गई। पुलिस ने युवक को गिरतार कर लिया। विरेंद्र नामदेव नामक व्यक्ति हथियार के साथ हमीदिया से पकड़ा है। पुलिस द्वारा पूछताछ में नामदेव ने बताया कि वो अपने परिवार के भर्ती सदस्य से मिलने अस्पताल पहुंचा। उसने आगे कहा कि यह हथियार वो शौकिया रखता है।

**मेट्रो एंकर** — बी.कॉम की परीक्षाओं का मामला

## वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय में अपने स्थान पर दूसरे को बिठाकर परीक्षा, फर्जी सॉल्वर गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय में सोमवार को बीकॉम की परीक्षा दे रहे फर्जी साल्वर को पर्यवेक्षक ने दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। दरअसल, पर्यवेक्षक द्वारा प्रवेश पत्र और अन्य दस्तावेज का मिलान किया तो पता चला कि हेमंत की जगह विशाल नामक युवक परीक्षा दे रहा था। इसके बाद पुलिस को बुलाया गया और साल्वर को पुलिस को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

पुलिस ने पर्यवेक्षक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और परीक्षा अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस छात्र की तलाश कर रही है। छात्र के मिलने के बाद ही पता चल सकेगा कि आखिरकार साल्वर को उसने कितने रुपए में अपने अपनी जगह परीक्षा दिलाने के लिए रखा था।



पुलिस के अनुसार वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय में सोमवार को बीकाम की परीक्षा चल रही थी। दोपहर में परीक्षा देने पहुंचे छात्रा का रोल नंबर और प्रवेश पत्र की जांच की जा रही थी। इस दौरान पर्यवेक्षक डॉ. प्रदीप कुमार द्वारा रोल नंबर और प्रवेश पत्र का मिलान किया गया तो संदेह हुआ कि जो युवक परीक्षा दे रहा है वह युवक छात्र नहीं है। लिहाजा दस्तावेज खंगाले गए तो पता चला कि परीक्षा देने वाला युवक विशाल है, जबकि छात्र जिसे परीक्षा देनी थी वह हेमंत है। हेमंत परीक्षा देने नहीं पहुंचा, बल्कि उसकी जगह विशाल नामक युवक परीक्षा दे रहा है। संदेह गहराने पर पर्यवेक्षक ने विशाल से पूछताछ की, लेकिन वह गुमराह करने लगा। बाद में पुलिस को बुलाया गया और दस्तावेज चेक किए गए तो पता चला कि हेमंत की जगह पर विशाल साल्वर बनकर बैठा था।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022